संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 26 फरवरी 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 56 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



कांग्रेस अधिवेशन में सोनिया गांधी अधिवेशन को संबोधित करती हुई।




# हरियाणा में होंगी 26वीं अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताएं

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गेम्स का लोगो व शुभंकर जारी कर खेलों का किया आगाज, लोगो में दर्शाया गया है हरियाणा की संस्कृति व प्रगति, 10 से 14 मार्च तक होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, लगभग 2500 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना, ताऊ देवी लाल स्टेडियम सहित अन्य स्थानों पर होगी प्रतियोगिताएं, 285 तरह के खेल होंगे

**8 राज्य में जल्द ही 26वीं अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होने वाला है**





**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
खेलों का पॉवर हाऊस कहा जाने वाला हरियाणा एक बार फिर खेलों के महाकुम्भ के लिए तैयार है। राज्य में जल्द ही 26वीं अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने निवास संत कबीर कुटीर पर 26वीं अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिता का लोगो व शुभंकर जारी कर इन खेलों का आगाज कर दिया है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं वन मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। श्री मनोहर लाल ने कहा यह हमारे लिए गर्व की बात है कि 26वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा राज्य द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले भी दो बार क्रमशः वर्ष 2003 में 10वीं एवं वर्ष 2013 में 13वीं बार भी राज्य में इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है इस बार 10 से 14 मार्च तक इन खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त राज्यों, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, केन्द्र शासित प्रदेशों एवं वन अनुसंधानों के लगभग 2500 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। वन विभाग में ग्रुप सी में फॉरेस्ट गार्ड के पद पर खिलाड़ियों को नियुक्त कर अलग अलग खेल टीमें बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने खेलो के मस्कट का कृष नामकरण किया। लोगो एवम मस्कट का अवलोकन किया। गौरतलब है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिवर्ष अखिल भारतीय वन खेल - कूद प्रतियोगिता करवाता है, जिसका जिम्मा प्रति वर्ष किसी राज्य को सौंपा जाता है। 26 वीं वन खेल - कूद प्रतियोगिता का जिम्मा हरियाणा वन विभाग को दिया गया है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 1993 में वन विभाग में खेलों के समुचित प्रोत्साहन के लिए वार्षिक अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आरम्भ किया गया, जिसका प्रथम आयोजन वर्ष 1993 में हैदराबाद में किया गया तब से अब तक कुल 25 बार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है।

**लोगो में दर्शाया गया है हरियाणा की संस्कृति व प्रगतिः** खास बात यह है कि लोगो हेतु ब्लैक बक यानि काला हिरन को चुना गया, जोकि हमारी संस्कृति का रचा-बसा शानदार तेजस्वी वन्य जीव है एवं हरियाणा का राज्य पशु है। लोगो में राज्य का नक्शा यह इंगित करता है कि हरियाणा राज्य इस वर्ष खेलों का आयोजन कर रहा है जो कि सभी क्षेत्रों में तीव्र प्रगति के साथ खेलों में भी सबसे आगे है।
वृताकार घेरे में चिन्हित खेल हरियाणा में प्रमुख रूप से आयोजित खेलों के बारे में है जिन्हें आयोजन के दौरान खेला जायेगा। ऊपर दिखायी गयी पत्तियां वन भाईचारे को दर्शाती हैं। भारतीय पौराणिक ग्रंथों में काले हिरन को श्रीकृष्ण जी का सारथी माना जाता है इसे कहीं - कहीं वायु देवता व चन्द्र देवता का वाहन भी बताया गया है।

## प्रतियोगिताओं का मुख्य केन्द्र ताऊ देवी लाल स्टेडियम होगा

**26वीं** अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताओं का मुख्य केन्द्र पंचकूला के सेक्टर -3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम होगा।
इस स्टेडियम में सभी प्रकार की दौड़ें पैदल चाल, बाधादौड़, चक्का फेंक, भाला फेंक, हैमर लम्बी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, ट्रिपल जंप, इनडोर गेम्स जैसे कि बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस और चेस बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वालीबॉल एवं रस्साकसी आयोजित होंगी। इसके आलावा, गोल्फ क्लब, सेक्टर -3 पंचकूला में गोल्फ तथा जिमखाना क्लब, सेक्टर -6 में लॉन टेनिस ब्रिज, स्नूकर, बिलियर्ड और स्क्वैश प्रतियोगिताएं होंगी। तीरंदाजी पंजाब विश्वविद्यालय के खेलकूद मैदान में तथा शूटिंग प्रतियोगिता शूटिंग रेंज चण्डीगढ़ में होगी। भरोतोलन प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय सेक्टर - 1 पंचकूला में आयोजित होगी।

## 285 तरह के खेल होंगे

**उपरोक्त** सभी प्रतियोगिताओं में 285 तरह के खेल कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें महिलाओं व पुरूषों के लिये ओपेन वेटरन एवं सीनियर वेटरन श्रेणी के लगभग 2500 प्रतियोगी हिस्सा लेंगे। ओपन श्रेणी में सभी भाग ले सकते हैं। वेटरन व सीनियर वेटरन श्रेणी 45 वर्ष से 52 वर्ष तक तथा सीनियर वेटरन 52 वर्ष से ऊपर के प्रतियोगियों के लिये हैं जो 43 टीमों के रूप में 36 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों तथा 7 प्रतिशत संस्थाओं से आ रही हैं। आयोजन के लिए यातायात की व्यवस्था, खानपान, स्वागत, आवास एवं सफाई आदि के लिए अलग - अलग कमेटी का गठन किया जा चुका है। सभी खेल स्थलों को प्लास्टिक मुक्त रखा गया है और सभी जगह जी- 20 तथा लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट) का लोगो भी अंकित किया जायेगा।

# कैथल में लगे मंत्री संदीप सिंह की एंट्री बैन के पोस्टर, अपशब्द का प्रयोग

## पोस्टरों पर सोनिया का फोटो भी; अपशब्द का प्रयोग, पुलिस मौन




**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के कैथल में बीती रात कस्बा राजौंद की कई दीवारें मंत्री संदीप सिंह विरोधी पोस्टरों से पाट दी गई हैं। 19 फरवरी को हुई खाप पंचायत में उनको कैथल में न घुसने देने का ऐलान हुआ था। अब राजौंद में इसको लेकर पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। पोस्टरों पर लिखा है कि...मंत्री संदीप सिंह की एंट्री बैन। पोस्टर मंत्री को लेकर अपशब्द भी लिखा गया है। पोस्टरों में एक तरफ सोनिया दूहन का फोटो है तो दूसरी तरफ मंत्री का। सोनिया 26 जनवरी को पिहोवा में मंत्री का विरोध कर चुकी है।

**सरकार नहीं कर रही बर्खास्तः** बता दें कि मंत्री संदीप सिंह पर एक महिला कोच ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। विधानसभा में भी मंत्री को बर्खास्त करने की मांग विपक्ष ने उठाई, लेकिन सीएम मनोहर लाल ने कोई भी कार्रवाई करने से साफ इनकार किया है। विभिन्न खापों और संगठनों की ओर से मंत्री के खिलाफ आंदोलन किए जा रहे हैं।

**एक ही स्थान पर 30 पोस्टरः** 19 फरवरी को कैथल में भी सोनिया दूहन की ओर से एक पंचायत का आयोजन किया गया था। इसमें मंत्री संदीप सिंह को कैथल में न घुसने देने का ऐलान किया गया था। इस पंचायत के एक सप्ताह बाद अब राजौद में दीवारों पर मंत्री विरोधी पोस्टर लगा दिए गए हैं। कई दीवारों को तो इन पोस्टरों से पूरी तरह से पाट दिया गया। एक ही स्थान पर 30 से ज्यादा पोस्टर लगाए गए हैं। इनमें मंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए उनको कुकर्मी तक लिखा है।

**प्रशासन की कार्रवाई नहीं:** राजौंद में मंत्री के खिलाफ से पोस्टर शुक्रवार रात को लगाए गए हैं। सुबह लोग सड़कों पर निकले तो कई दीवारों पर मंत्री विरोधी पोस्टर मिले। दोपहर तक इनको लेकर प्रशासन की ओर से भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस मंत्री के अमर्यादित पोस्टरों को हटाने तक नहीं आयी। कोई केस दर्ज भी नहीं किया गया है।

**पिहोवा में हो चुका हंगामाः** पिहोवा में 26 जनवरी को मंत्री संदीप के गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराने का विरोध करने वाली सोनिया दूहन का फोटो भी इन पोस्टरों पर है।

# लोकसभा व विधानसभा चुनाव तय समय पर होंगे : दुष्यंत चौटाला

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर वित्त मंत्री बहुत अच्छा बजट जारी किया है, जो हर वर्ग के हित का बजट है**



**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत सिंह चौटाला जिला के गांव बामला में कर्मचारी नेता बल्लू बामला के भाई डॉ. अमित की शादी में शिरकत करने पहुंचे थे। डॉ. अमित ने बिना दहेज की शादी कर आसपास के गांवों में मिसाल पेश की है। जिस पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने डॉ. अमित सहित सभी परिजनों को बधाई दी और सुखमय जीवन की कामना की। साथ ही अपने समर्थकों से भी मुलाकात की और जिला प्रधान विजय गोठड़ा को पार्टी संगठन मजबूत करने को कहा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर वित्त मंत्री बहुत अच्छा बजट जारी किया है, जो हर वर्ग के हित का बजट है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम आलोचना करना होता है और यही काम कांग्रेस कर रही है। चौटाला ने कहा कि यह बजट हर सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए कारगर होगा।
इस बजट में भी बुढ़ापा पेंशन 5100 रुपया ना होने पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन 250 रुपये बढ़ाई गई है। यह तीन साल में 750 रुपये बढ़कर 2750 हो गई है, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यदि मेरे विधायक 45 होते तो बुढ़ापा पेंशन पहले ही दिन 5100 रुपये होती। साथ ही कहा कि वे गठबंधन सरकार के चलते 250 रुपये बढ़ने पर भी खुश हैं तथा इसे और बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहेंगे। दुष्यंत चौटाला ने साफ किया कि हरियाणा में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव नहीं होंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव अपने तय समय पर होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ओपीएस को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद अगला फैसला लिया जाएगा। वहीं अपने चाचा अभय चौटाला की यात्रा पर दुष्यंत चौटाला ने ज्यादा ना बोलते हुए ऑल द बेस्ट कहा।

# छात्राओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए हरियाणा सरकार की पहल

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** सरकार चाहती है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहीं छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ ही अपना भविष्य भी सोच लें कि उनका भविष्य कहां सुरक्षित होगा। इसी उद्देश्य को लेकर हरियाणा के स्कूलों में रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें छात्राओं को जिले की रोल मॉडल बनी युवतियों से मुलाकात करवाई जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को भिवानी जिला के गांव सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अनिता अंचल को बच्चों के साथ रोल मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने ना केवल डॉक्टर, आईएएस व अन्य फील्ड के बारे में जानकारी हासिल की।

# हरियाणा के प्रत्येक गांव में होगा आर्य समाज की टीमों का गठन: आर्यवेश

**8 200 युवा निर्माण शिविरों व सभी जिलों में नशामुक्ति जन चेतना यात्राओं का आयोजन किया जाएगा**



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**सार्वदेशिक** आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के नेता स्वामी आर्यवेश ने कहा है कि 2024 में ऋषि दयानंद सरस्वती के जन्म के 200 वर्ष पूर्ण होने पर आर्य समाज हरियाणा के प्रत्येक गांव में आर्य समाज, युवक परिषद तथा बेटी बचाओ अभियान की इकाइयां गठित करेगा। इसके तहत एक सौ संन्यासी, वानप्रस्थि, ब्रह्मचारी तैयार किए जायेंगे। 200 युवा निर्माण शिविरों व सभी जिलों में नशामुक्ति जन चेतना यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। स्वामी आर्यवेश निकटवर्ती गांव धीरणवास स्थित गुरुकुल में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आर्य समाज की इकाइयां गठित करके बुराइयों पर प्रहार करना अब समय की मांग है। प्रसिद्ध भजनोपदेशक तेजवीर आर्य ने कहा कि आर्य समाज जैसे तेजस्वी संगठन की आज देश को आवश्यकता है क्योंकि देश में सामाजिक सौहार्द, सांप्रदायिक सद्भाव तथा नैतिकता की जरूरत है और ये सब आर्य समाज का संगठन ही कर सकता है। युवा संन्यासी मुक्तिवेश ने आवाज उठाई कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर नशाखोरी पर प्रतिबंध लगे और शराब के उत्पादन व विक्रय पर पूर्ण रोक लगाई जाये। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा के प्रधान एवं गुरुकुल धीरणवास के अध्यक्ष युवा संन्यासी स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में आर्य समाज व ऋषि दयानंद के सिपाहियों के सर्वाधिक योगदान रहा है। गुरु विरजानंद, स्वामी श्रद्धानंद, लाला लाजपत राय, चाचा अजीतसिंह, शहीदे आजम भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे सैकड़ों क्रांतिकारियों की प्रेरणा से लाखों लोगों ने अपने आप को आजादी की बलिवेदी पर आहुति दी। उसी का परिणाम है कि आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। कन्या गुरुकुल पंचगाव की आचार्य जयावती ने कहा कि समाज में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, अनाचार, कन्या भ्रूण हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। इन्हें समाप्त करने के लिए समाज के जागरूक लोगों को आगे आना चाहिए और इन बुराइयों को मिटाने के लिए अभियान चलाना चाहिए। समाजसेवी पूनिया कंस्ट्रक्शन के मालिक बनवारी लाल पूनिया ने कहा कि उनका जीवन गुरुकुल शिक्षा की देन है।
आज गुरुकुल की शिक्षा से ही हम नैतिकता को बचा सकते हैं। कार्यक्रम में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के नेता स्वामी आर्यवेश, आदित्यवेश, नंदराम सांगवान व नरेश शर्मा ने सम्मेलन में आर्य समाज के कर्मठ कार्यकताओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

# हरियाणा के किसानों पर 10,400 करोड़ कर्ज

## विधानसभा में खुलासा- 5 साल में लोन से परेशान 23 किसान कर चुके आत्महत्या



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**खेती-किसानी के** लिए देश भर में विख्यात हरियाणा का किसान हजारों करोड़ रुपए का कर्जदार हो गया है। इसका खुलासा हरियाणा विधानसभा में हुआ है। सरकार के अनुसार राज्य का 25% किसान 10,400 करोड़ रुपए के कर्ज के नीचे दबा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि 13 किसान ऐसे हैं जिन पर राज्य के बैंकों का 3 करोड़ रुपए बकाया है। वहीं पिछले 5 सालों में हरियाणा में 23 किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या कर चुका है।

**ऐसे हुआ खुलासाः** हरियाणा से कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान किसानों के कर्ज को लेकर सवाल किया था। उन्होंने सरकार से सहकारी बैंकों में वर्ष 2017 और 2022 में किसानों के बकाया के बारे में जानकारी मांगी थी। हरियाणा सरकार के सहकारिता मंत्री बनवारी लाल की ओर से किसानों के कर्ज का विवरण विधानसभा में प्रस्तुत किया गया।

**3,083.78 करोड़ रुपए सिर्फ ब्याजः** सहकारिता मंत्री की ओर से जानकारी दी गई कि 31 मार्च 2017 को 13 लाख 58 हजार 473 किसानों पर 9652.08 करोड़ रुपए की बैंकों की राशि बकाया थी। मार्च 2022 में कर्ज की यह बकाया राशि बढ़कर 10,399.34 करोड़ रुपए हो गई है। हजारों करोड़ रुपए कर्ज की राशि में 7,315.56 करोड़ रुपए मूल राशि और 3,083.78 करोड़ रुपए बैंकों द्वारा ब्याज लगाया गया है।

# ट्रक चालक से युवकों ने की छीना झपटी

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया-**भूना रोड पर गांव चंदो कलां के समीप एक ट्रक चालक से बुलेरो में आए दो युवकों द्वारा छीना झपटी करने का मामला सामने आया है। इस बारे में ट्रक चालक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव इंदाछोई निवासी राहुल ने कहा है कि वह ट्रक ड्राइवरी का काम करता है और बरवाला के संजीव कुमार का ट्रक चलाता है। गत दिवस वह ट्रक में रतिया से माल लेकर भूना जा रहा था। जैसे ही वह गांव चन्दो कलां के पास पहुंचा तो भूना की तरफ से एक बुलेरो गाड़ी लाइट का सिग्नल देते हुए आई।

# सुरेवाला के प्रगतिशील किसान दरवेश पातड़ को मिला सब्जी रत्न पुरस्कार

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के गांव सुरेवाला निवासी प्रगतिशील किसान दरवेश पातड़ को सब्जी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। करनाल घरौंडा में आयोजित नौवें सब्जी एक्स्पो में दरवेश को यह सम्मान मिला। दूसरे नंबर पर खानपुर के प्रगतिशील किसान सुनील को सब्जी सम्मान से पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले किसान को 11 हजार व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले किसान को 5100 का पुरस्कार भी मिला। दरवेश पिछले साढ़े तीन साल से आधुनिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने बागवानी के साथ-साथ एग्जॉटिक वेजिटेबल जैसे लाल व पीली शिमला मिर्च स्ट्रॉबेरी आदि की खेती भी करते हैं। किसान का पूरा खेत ड्रिप सिस्टम पर है और पानी एकत्रित करने के लिए तालाब बनवा रखा है। किसान के पास एक एकड़ में नेट हाउस है। उन्होंने सब्जी पैक करने के लिए सरकार की मदद से पैक हाउस बनवा रखा है प्रगतिशील किसान दरवेश अभी ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देना चाहते हैं। इसके लिए वे वर्मी कंपोस्ट यूनिट की स्थापना करने जा रहे हैं जिससे कि लोगों को ऑर्गेनिक सब्जी से उत्तम स्वास्थ्य मिले। किसान दरवेश ने बताया कि उन्हें बागवानी विभाग तरफ से बहुत अच्छा सहयोग मिल रहा है। समय-समय पर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाता है व सरकार द्वारा संचालित सभी स्कीमों के बारे में किसानों को विभाग की तरफ से पूरी जानकारी मिलती है जिससे कि युवा वर्ग भी खेती की तरफ आकर्षित हो रहा है व मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती की आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान एक एकड़ से दो लाख रुपये तक कमा सकता है। दूसरी तरफ ट्रेडिशनल खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है जिसमे खर्च ज्यादा है पानी का भी दुरुपयोग होता है।

# बिजली कटने के फेक मैसेज के लिंक को न करें क्लिक




**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने सभी बिजली उपभोक्ताओं को ठगों से सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बिजली उपभोक्ता को मैसेज आता है कि बिजली बिल जमा करें, अन्यथा कुछ घंटों में आपका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा तो सतर्क रहें। इस तरह के लिंक को क्लिक न करें और साइबर अपराधों से सावधान रहें। ऐसे फेक संदेश में उपभोक्ता की खाता संख्या और बकाया राशि नहीं लिखी होती है। उन्होंने बताया कि साइबर ठग उपभोक्ताओं को ठगने के लिए प्रतिदिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इन दिनों साइबर ठगों द्वारा लोगों को नए तरीके से फांसने की कोशिशों के तहत बहुत से बिजली उपभोक्ताओं के पास मोबाइल पर एक मैसेज आ रहा है कि आपका बिजली का बिल बकाया है और इस एवज में आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा। इतना ही नहीं बकायदा कनेक्शन काटने का समय भी बताया जा रहा है कि आज रात कनेक्शन कटेगा। बाद में एक नंबर भेजा जा रहा है और उस पर बात करने की सलाह दी जा रही है। काफी उपभोक्ता मैसेज में दिए गए नंबर पर काल करके पूछते हैं कि ऐसा क्यों होगा तो बात करने पर ठगी का पता चलता है। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम इस तरह का कोई भी मैसेज उपभोक्ता को नहीं भेजता है। स्वयं सतर्क रहें और अपने संपर्क में आने वालों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि बिजली निगम द्वारा बिल के बनते ही उपभोक्ता को ईमेल पर बिल और रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज भेजा जाता है। बिल भरने की तिथि से पहले और बाद में उसके बिल बकाया होने के बारे में मैसेज देता है। बिजली निगम के मैसेज में उपभोक्ता का खाता नंबर और बकाया राशि भी लिखी होती है। यह सभी मैसेज अधिकृत आईडी-डीएचबीवीएनएल द्वारा प्रेषित किए जाते हैं। उपभोक्ता को अपने बिल ऑनलाइन देखने और ऑनलाइन भुगतान के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी यदि किसी बिजली उपभोक्ता को अपने बिजली बिल को लेकर कोई संशय है तो वे अपने नजदीकी बिजली कार्यालय या बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-180-4334 पर संपर्क कर सकता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 56 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



महागठबंधन रैली के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# माफिया को मिट्टी में मिला देंगे: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विपक्ष पर तंज–सपा ने अपराधी को सांसद बनाया, अब तमाशा कर रहे, सात संदिग्ध हिरासत में

**विपक्ष निशाने पर**

= हम माफिया के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे, सपा ने ही अतीक अहमद को बढ़ावा दिया है



**प्रयागराज/टीम एक्शन इडिया**
**बसपा** विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और गनर की शुक्रवार को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने अतीक अहमद के साथ ही अतीक के भाई, पत्नी शाइस्ता परवीन, अतीक अहमद के दो बेटों और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रयागराज पुलिस ने अतीक अहमद के दोनों बेटों के साथ करीब सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इधर, सीएम योगी ने सदन में जवाब दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'हम माफिया के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा कि सपा ने ही अतीक अहमद को बढ़ावा दिया है। अपराधी को सांसद बनाओ फिर तमाशा करो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा माफिया को बढ़ाती है। राजू पाल हत्याकांड में अतीक अहमद दोषी है, उसे सपा ने विधायक बनाकर बढ़ावा दिया।

**बसपा विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हत्या की गई थी:** इलाहाबाद पश्चिमी के बसपा विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को सुलेमसराय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी पूजा पाल कौशांबी की चायल सीट से सपा की विधायक हैं। राजू पाल हत्याकांड में पूर्व सांसद अतीक अहमद व उनके छोटे भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उमेश पाल घटना का मुख्य गवाह था। वह राजू पाल की पत्नी पूजा पाल की सगी बुआ का लड़का था। राजू पाल हत्याकांड की जांच सीबीआई ने की थी। इसमें उमेश पाल मुख्य गवाह थे। यही कारण है कि उन्हें कई बार जान से मारने की धमकी मिली थी। राजू पाल की पत्नी विधायक पूजा पाल ने भी कई बार आशंका जताई थी कि गवाही को प्रभावित करने के लिए उमेश पाल की हत्या हो सकती है। उमेश पाल ने भी अपनी जान को खतरा बताया था।

### पुलिस ने बीजेपी नेता को उठाया, ड्राइवर से पूछताछ

**एसटीएफ** ने उमेश पाल हत्याकांड में बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहिल हसन को रसूलाबाद निवास से सवा दस बजे उठाया है। गोपनीय तरीके से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उमेश के ड्राइवर प्रदीप शर्मा की भूमिका को भी संदिग्ध मान रही है। देर रात से ही पुलिस प्रदीप से पूछताछ में जुटी है। साथ ही कॉल डिटेल भी निकलवाया जा रहा है। घटना के बाद प्रदीप गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था।

### पूर्वांचल के शूटरों पर हमला कराने का शक

**सीसीटीवी** फुटेज खंगालने के बाद सामने आया है कि एक बदमाश झोले से बम निकालकर मारते दिख रहा है। हमले में पूर्वांचल के शूटरों का हाथ होने का शक है। यही वजह है कि हमलावरों को पकड़ने के लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स में प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी की टीमें लगाई गई हैं। उमेश पाल के घर पर भी हमले के बाद पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। शनिवार दोपहर उमेश पाल का दाह संस्कार कराया जाएगा।

## भारत-जर्मनी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जर्मनी के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी में रक्षा एवं सुरक्षा महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और दोनों देश इससे जुड़ी संभावनाओं को पहचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। भारत और जर्मनी हरित और टिकाऊ साझेदारी, जलवायु कार्रवाई और एसडीजी, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन पर मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के बीच शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के चलते भारत में हर क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

## समान विचारधारा वाले दलों को साथ लेकर चलेगी कांग्रेस: खड़गे



**रायपुर/नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी समान विचारधारा वाले दलों को साथ लेकर चलेगी। खड़गे ने शनिवार को कांग्रेस के 85वें महाअधिवेशन के दूसरे दिन के प्रथम सत्र को रायपुर में संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसे सभी दलों को साथ लेकर चलेगी जो भाजपा और आरएसएस की विचारधारा से लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश जोड़ने का काम करती है जबकि भाजपा देश तोड़ना चाहती है। ऐसे में समान विचारधारा के लोगों को एक मंच पर आने की जरूरत है तभी देश के संवैधानिक संस्थानों को बचाया जा सकेगा।

## जब लोकतंत्र बचेगा तभी होगी राजनीति: लालू यादव



**पटना/पूर्णिया/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्णिया** के रंगभूमि मैदान में शनिवार महागठबंधन की महारैली को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि हम लोगों को मिलकर पहले लोकतंत्र को बचाना है। जब लोकतंत्र बचेगा तभी राजनीति होगी। लालू यादव ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं है। यह आरएसएस का मुखौटा है। आरएसएस जो चाहता है, वही नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

## नीतीश विकासवादी से अवसरवादी बने: अमित शाह



**पटना/टीम एक्शन इंडिया**
**जहां** एक ओर सत्तारूढ़ महागठबंधन पूर्णिया में एक मंच पर जुटकर भाजपा मुक्त भारत बनाने की घोषणा करने की तैयारी में है, वहीं दूसरी ओर शनिवार को ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बगहा में पहुंचकर जदयू-राजद गठबंधन को पानी-तेल का महागठबंधन करार दिया। उन्होंने कहा कि नकली शराब की बिक्री हो रही, अपराधी वापस जाग गए हैं, कोई सुरक्षित नहीं है और बिहार के मुख्यमंत्री हिम्मत नहीं कर पा रहे। उन्हें तो हर तीन साल में प्रधानमंत्री बनने का सपना आता है। शाह ने 2024 में दोबारा नरेंद्र मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया और एक-एक कर चंपारण-आसपास में केंद्र की ओर से किए विकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भेजी राशि पर गलतबयानी कर नीतीश कुमार विकास कार्यों को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा कि जो 15 हजार करोड़ की मदद हमारे प्रधानमंत्री ने बिहार को भेजी है, उसमें रोड़ा मत बनिए।

## सोनिया का राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा



**रायपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा कर दिया। सोनिया ने शनिवार को अपने संबोधन में कहा- भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है। सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा। 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सोनिया बोलीं- 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा।



# दवा संग स्पीच थेरेपी से जल्द लौट रही बोलने-समझने की शक्ति

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क हादसे के बाद लकवाग्रस्त हुए 47 साल के महेंद्र में बोलने-समझने की शक्ति नहीं रही। परिवार जब उनसे मल-मूत्र करने के बारे में पूछते तो कुछ बता नहीं पाता था। कपड़े खराब होने पर महेंद्र को खुद भी अच्छा नहीं लगाता। दवाओं से ज्यादा सुधार नहीं हो रहा था। इस तरह का केस केवल महेंद्र की नहीं बल्कि लकवाग्रस्त सैकड़ों मरीजों का है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में अफेजिया कहते हैं। इस बीमारी से पीड़ित मरीज का दिमाग बोलने व समझने की क्षमता खो देता है। ऐसे मरीजों में सुधार में लिए न्यूरोलॉजी विभाग दवाइयों के साथ स्पीच लैंग्वेज थेरेपी (वाणी चिकित्सा) भी दे रहा है जिससे सुधार की गति बढ़ी है।



अधिकतर मरीजों में एक साल में ही सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। इसमें और सुधार लाने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग सहित देश के अन्य राज्यों के बड़े अस्पताल एक मंच पर आए हैं। सभी मिलकर स्वास्थ्य कर्मियों को ट्रेनिंग देने के साथ इस दिशा में शोध भी कर रहे हैं।

समय पर उपचार जरूरी : आरएमएल अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. ज्योति गर्ग ने बताया कि अफेजिया से पीड़ित मरीज के दिमाग का वह हिस्सा काम नहीं करता जो बोलने व समझने में मदद करता है। ऐसे मरीजों में सुधार के लिए दवाइयों के साथ स्पीच थेरेपी दी जा रही है। इससे अधिकतर मरीजों में एक साल में ही सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि अफेजिया के मरीज जीने की चाह खो देते हैं। यदि ऐसे मरीजों का समय पर उपचार करवाएं तो ठीक हो सकते हैं। अस्पताल में पिछले कुछ साल में ऐसे काफी मरीज ठीक हुए हैं। इन मरीजों को तुरंत अस्पताल आना चाहिए। डॉ. ज्योति ने कहा कि ऐसे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए एम्स के डॉ. अचल श्रीवास्तव, आरएमएल के डॉ. अजय चौधरी सहित अन्य अस्पतालों के वरिष्ठ डॉक्टर एक मंच पर आए। उन्होंने मरीजों व उनकी देखभाल करने वालों के बीच मेलजोल बढ़ाने, स्पीच थेरेपी का प्रयोग बढ़ाने, कर्मियों को प्रशिक्षण देने व शोध कर रहे हैं।

**हर साल आते हैं 60-70 हजार मरीजः** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में हर साल 60 से 70 हजार मरीज आते हैं। विभाग की ओपीडी में आने वाले इन मरीजों में से करीब 20 फीसदी मरीज लकवाग्रस्त होते हैं। इनमें से करीब 5 से 10 फीसदी मरीज अफेजिया के होते हैं, जो बोलने व समझने की शक्ति को खो देते हैं। डॉ. ज्योति ने बताया कि इन मरीजों को दवाइयों के साथ स्पीच थेरेपी भी दी जा रही है, जिससे बोलने व समझने की शक्ति में सुधार जल्दी देखा जा रहा है।

# महेंद्र नाथ का हाल जानने पहुंचे वीके सिंह, घुटने की सर्जरी के लिए हुए थे भर्ती

**8 मंत्री से कुछ देर बात कर घुटने की सर्जरी के बारे में पूछा। डॉक्टर रोड़ा ने सांसद को बुके देकर उनका स्वागत किया**

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद** के कौशांबी के यशोदा अस्पताल में भर्ती केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे का शनिवार दोपहर सांसद वीके सिंह स्वास्थ्य हाल जानने के लिए पहुंचे। उन्होंने मंत्री से कुछ देर बात कर घुटने की सर्जरी के बारे में पूछा। इससे पहले अस्पताल के एमडी डॉक्टर पी एन अरोड़ा ने सांसद को बुके देकर उनका स्वागत किया। अस्पताल के ऑपरेशनल हेड डॉक्टर सुनील डागर ने बताया कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे के बाएं पैर में घुटने का दर्द लगातार बढ़ रहा था। उन्हें चलने फिरने में भी दिक्कत महसूस होती थी।



घुटने की सर्जरी के लिए वह 18 फरवरी को अस्पताल में भर्ती हुए थे। यहां उनका कई विभागों से डॉक्टरों की टीम उपचार में लगी है। चार दिन पहले उनके घुटने का सफल ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री को डॉक्टरों की निगरानी में लगातार उपचार दिया जा रहा है। फिलहाल चिकित्सकों ने उन्हें दो से तीन दिन बाद अस्पताल से छुट्टी देने के लिए कहा है। इस बीच केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने मंत्री महेंद्र नाथ पांडे का हाल जाना। वह यहां अस्पताल में करीब आधा घंटे मंत्री के साथ रुके थे। अस्पताल के एमडी डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने सांसद को केंद्रीय मंत्री के उपचार की जानकारी दी।

## खड़े ट्रक को दूध भरे टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर



**नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**
नोएडा में भीषण सड़क हादसा हो गया। खराब खड़े ट्रक में दूध से भरे ट्रक ने जोरदार टक्कर माार दी। घटना के बाद ट्रक हाईवे से नीचे गिर गया। केबिन के अंदर फंसे चालक को क्रेन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बहार निकला गया। दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना दनकौर क्षेत्रांतर्गत हुए एक्सीडेंट में घायल हुए चालक व क्लीनर को कुछ चोटे आयी थी जिन्हे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया था। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करा दिया गया है।

## फिल्म सिटी विकसित करने के लिए आगे नहीं आ रहीं कंपनियां

**ग्रेटर नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार ने फिल्म नीति-2023 को मंजूरी देते हुए शूटिंग करने पर दो करोड़ रुपये समेत कई रियायत देने की घोषणा की हैं। इसके बावजूद यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक हजार एकड़ में बनने वाली फिल्म सिटी के लिए विकासकर्ता कंपनी आगे नहीं आ रही है। जबकि कंपनियों को बुलाने के लिए नियमों में काफी लचीलापन लाया जा चुका है। करीब एक साल से फिल्म सिटी की वैश्विक निविदा की तारीख कई बार बढ़ाई जा चुकी है। इस बार जारी निविदा की अंतिम तिथि 28 फरवरी है, लेकिन अभी तक दो कंपिनयों ने आवेदन किया है। जबकि टेंडर खोलने के लिए




कम से कम तीन कंपनियों का शामिल होना अनिवार्य है। यीडा के सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। इसे तीन चरणों में विकसित किया जाना है। इसी साल पहले चरण का काम किया जाना प्रस्तावित है। यह योजना 10 हजार करोड़ रुपये की है। दो दिन पहले ही प्रदेश सरकार ने मुंबई की तर्ज पर यूपी को भी फिल्म सिटी के रूप में विकसित करने के लिए फिल्म नीति-2023 तक बना दी है। जिसके तहत प्रदेश में फिल्म की शूटिंग करने पर और यूपी के कलाकारों को किरदार देने पर दो करोड़ रुपये तक की छूट देने का प्रावधान किया गया है। इसमें फिल्म प्रशिक्षण संस्थान बनाने के लिए भी 50 लाख रुपये तक सब्सिडी देने की घोषणा की है।

इसके अलावा भी कई तरह के लाभ दिए जाएंगे। मगर इन सबके बावजूद गौतमबुद्धनगर में बन रही फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए कंपनियां आगे नहीं आ रही हैं। दो बार फिल्म सिटी के लिए वैश्विक निविदा निकाली जा चुकी है। पहली बार में एक कंपनी ने टेंडर डाला था और वह भी आधा-अधूरा था। तीन चरणों में विकसित की जाने वाली फिल्म सिटी मे 1000 एकड़ भूमि में से 740 एकड़ पर फिल्म फैसिलिटी, 40 एकड़ पर फिल्म संस्थान और 120 एकड़ पर एम्यूजमेंट पार्क विकसित होगा। रिटेल व अन्य वाणिज्यिक योजना जैसे होटल, रेस्तरां, विला और कार्यालय 100 एकड़ में विकसित किए जाने हैं।

## खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में चल गईं गोलियां

**बुलंदशहर/टीम एक्शन इंडिया**
**अनूपशहर** कोतवाली के गांव सिरोरा में खेत की मेढ़ के विवाद को लेकर शनिवार को दो पक्षों में कई राउंड फायरिंग हो गई। जिसमें



एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों अनिल, गुड्डू व मोनू पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इस दौरान बीच-बचाव करने आए गांव निवासी युवक बब्बन को भी कंधे में गोली लगी है। चारों घायलों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया है। वही ममला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही डीएम एसएसपी समेत कई थानों का पुलिस फोर्स गांव में पहुंच गया। साथ ही स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया है। हालांकि, दोपहर तक मामले में कोई तहरीर पीड़ित पक्ष की ओर से नहीं दी गई है।

## डोसा सांभर में कॉकरोच निकलने का मामला सामने आया

**साहिबाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
चंद्रनगर के डोसा किंग रेस्तरां से मंगाए डोसा सांभर में कॉकरोच निकलने का मामला सामने आया है। ऑर्डर मंगाने वाले व्यक्ति ने जीवन संकट में डालने का हवाला दिया है। लिंक रोड थाने में शनिवार को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। वहीं व्यक्ति ने रेस्तरां की लापरवाही से खाद्य व औषधी विभाग को भी पत्र लिखा है। वृज विहार निवासी योगेश सिंह ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को चंद्रनगर स्थित डोसा किंग रेस्तरां से पांच डोसे मंगाए थे। घर पर खाना खाने के दौरान डोसे के सांभर में मरा हुआ कॉकरोच निकला। इसकी शिकायत रेस्तरां के रिसेप्शन पर



फोन कर की तो मैनेजर ने कॉकरोच नहीं मसाला (मिर्ची) होने का हवाला दिया। उन्होंने रेस्तरां की लापरवाही का विरोध किया। रेस्तरां की ओर से फोटो भेजने की भी बात कही। ज्यादा नाराज होने पर रेस्तरां की ओर से

**8 ऑर्डर मंगाने वाले व्यक्ति ने जीवन संकट में डालने का हवाला दिया है। तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है**

कर्मी को भेजा गया। घर पहुंचे रेस्तरांकर्मी ने कॉकरोच होने की पुष्टि की। वहीं योगेश ने बताया कि उन्होंने हाईजेनिक के नाम पर रेस्तरां से डोसा मंगाया था। एक मसाला डोसे के लिए 150 रुपये के हिसाब से 750 रुपये का भुगतान किया था जबकि रेस्तरां की ओर से एफएसएसआई का लाइसेंस नंबर भी लिया हुआ है। ऐसे में अनहाइजेनिक खाना उपलब्ध कराना उपभोक्ताओं के जीवन से खिलवाड़ करना है।

**मैनेजर बोला... जो करना है कर लो**
योगेश ने बताया कि वह शनिवार को भी रेस्तरां गए थे। रेस्तरां के मैनेजर से मुलाकात कर लापरवाही से अवगत कराया गया। इसके बाद भी मैनेजर की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस मामले की पुलिस और खाद्य एवं औषधी विभाग से शिकायत करने की बात कही। आरोप है कि मैनेजर ने जो करना है कर लो की बात कहकर टरका दिया। इस मामले का ऑडियो वायरल होना भी सामने आया है। वहीं, डोसा किंग रेस्तरां के मैनेजर एमके राव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पैकिंग में गलती से कॉकरोच चला गया होगा।

## साहित्य मंडल नाथ ने ब्रजभाषा समारोह का किया आयोजन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
साहित्य मंडल नाथद्वारा राजस्थान ने भगवान श्रीनाथजी की पावन भूमि पर पाटोत्सव ब्रजभाषा समारोह-2023 का आयोजन किया। इस विश्वस्तरीय आयोजन में 'संपादक श्रीरोमणि' की उपाधि से गणेश यादव को अलंकृत किया गया। इस मौके पर यादव ने कहा कि इस सम्मान के लिए मैं साहित्य मंडल के मंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा एवं समस्त कार्यकारिणी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

आपने इस उपाधि से अलंकृत कर मेरी जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया है। मेरी पूरी



कोशिश रहेगी कि मैं इस जिम्मेदारी का पूरी तन्मयता से निर्वहन करने का भरसक प्रयास करूंगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
खुली ई-निविदा सूचना संख्या: NER-BSB0SnT-OT-06-2023
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे/ वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली-ई' निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रमांकः- 1. निविदा सूचना सं० एवं कार्य का नाम- NER-BSB0SnT-OT-06-2023. कार्य का नाम- बीएसबी डिवीजन के 17 स्टेशनों पर स्वचालित आग का पता लगाने और अलार्म सिस्टम (एएफडीएएस) का प्रावधान। विवरणः- अनुमानित लागतः- रु. 99,63,027.99, बयाना की राशिः- 1,19,300.00, निविदा प्रपत्र की कीमतः- 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः- 08 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समयः 20.03.2023 को 15.00 बजे। नोटः- 1. ई-निविदा दिनांक 20.03.2023 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार
मुजवि/सिग्नल-105 वाराणसी
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## गोकशी कर जंगल में फेंके अवशेष, हिंदू युवा वाहिनी समेत कई संगठन मौके पर पहुंचे

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद** के मसूरी क्षेत्र में गोकशी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पांच गोवंश को काटकर उनके अवशेष मसूरी क्षेत्र के गांव सिकरोड़ा के जंगल में फेंक दिया। खेत मालिक जब खेत पहुंचे तो उन्होंने अवशेष देख पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना पाकर हिंदू युवा वाहिनी



समेत कई संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। एसीपी मसूरी निमिष पाटिल ने बताया कि मौके पर चिकित्सक बुलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वेल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

**I,** Ashok Kumar S/o Pale Ram R/o Near Goverment School, V.P.O, Waiser (46), Panipat, Waisor, Haryana-132113 have changed my minor son's name from Rachit aged 12 years to Rachit Narwal forever

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## Change of Name

**I,** Ashok Kumar S/o Pale Ram R/o Near Goverment School, V.P.O, Waisar (46), Panipat, Waisor, Haryana-132113, have changed my minor daughter's name from Charu aged 9 years to Charu Narwal forever

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एमसीडी बवाल पर बीजेपी-आप में पोस्टर वार

## सबसे पहले दिल्ली भाजपा की तरफ से पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें मेयर शैली ओबेरॉय को 'खल-नायिका' बताया गया

**वार-पलटवार**

= पोस्टर में राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक, विधायक अतिशी और नवनिर्वाचित मेयर शैली ओबरॉय की फोटो लगी है

**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**एमसीडी** सदन में आम आदमी पार्टी और भाजपा पार्षदों के बीच जमकर हुए हंगामें और मारपीट के बाद अब पोस्टर वार शुरू हो गया है। सबसे पहले दिल्ली भाजपा की तरफ से पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें मेयर शैली ओबेरॉय को 'खल-नायिका' बताया गया है। पोस्टर में राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक, विधायक अतिशी और नवनिर्वाचित मेयर शैली ओबरॉय की फोटो लगी है। जिसके ऊपरी हिस्से में लिखा है कि आप फिल्म्स प्रेजेंट्स अब तक की सबसे चर्चित 2023 की सभी को चौका देने वाली नौटंकी खलनायिका। इस पोस्टर को फिल्म के पोस्टर की तरह बनाया गया है। साथ ही पोस्टर के एक हिस्से में अरविंद केजरीवाल कृत खलनायिका भी लिखा हुआ है। सदन में हंगामा और मारपीट के बाद देर रात दिल्ली मेयर और आप पार्षद के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने थाना जाकर बीजेपी पार्षदों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं दूसरी तरफ सदन के बाहर पोस्टर वार शुरू हो गया है। भाजपा पोस्टर के माध्यम से आम आदमी पार्टी के पार्षदों और अन्य नेताओं का सच जनता के बीच लाना चाहती है। उल्लेखनीय है कि महापौर शैली ओबेरॉय ने दिल्ली भाजपा के कुछ सदस्यों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा नेताओं का साफ तौर पर आरोप है कि सदन में हंगामें और मारपीट की कार्रवाई आतिशी के इशारे पर शुरू हुई।







### भाजपा के बाद 'आप' ने जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** (एमसीडी) सदन में आम आदमी पार्टी और भाजपा पार्षदों के बीच जमकर हुए हंगामें और मारपीट के बाद अब पोस्टर वार शुरू हो गया है। सुबह सबसे पहले दिल्ली भाजपा की तरफ से पोस्टर जारी किया गया, जिसमें मेयर शैली ओबेरॉय को 'खल-नायिका' बताया गया है। वहीं शनिवार दोपहर में आम आदमी पार्टी आप ने भी भाजपा का एक पोस्टर जारी किया। आप ने पोस्टर को ट्वीट कर लिखा बीजेपी वाले जो इतना मचा रहे शोर हैं, ये ही लोकतंत्र के हत्यारे और व चोर हैं। पोस्टर में गौतम गंभीर और मनोज तिवारी समेत तीन अन्य लोगों की फोटो है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार सुबह सबसे पहले भाजपा ने पोस्टर जारी किया था। जिसमें राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक, विधायक अतिशी और नवनिर्वाचित मेयर शैली ओबरॉय की फोटो लगी थी। जिसके ऊपरी हिस्से में लिखा है कि आप फिल्म्स प्रेजेंट्स अब तक की सबसे चर्चित 2023 की सभी को चौका देने वाली नौटंकी खलनायिका। इस पोस्टर को फिल्म के पोस्टर की तरह बनाया गया है। साथ ही पोस्टर के एक हिस्से में अरविंद केजरीवाल कृत खलनायिका भी लिखा हुआ है।

# ट्रक पलटने से पति पत्नी और बाप-बेटे की मौत

**विश्वस्तरीय**

= ट्रक के पलटने से चार मजदूरों की मौत हो गई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मध्य जिले** के जखीरा के पास से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। इस घटना में ट्रक के पलटने से चार मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा आनंद पर्वत थाना इलाके में हुआ है। मृतकों में पति-पत्नी और पिता-पुत्र शामिल हैं। मृतकों की पहचान रमेश, सोनम, कल्लू और 4 साल के बच्चे अनुज के रूप में हुई है। वहीं, घायल 5वें शख्स की पहचान मोतीलाल के रूप में हुई है। रमेश और सोनम पति-पत्नी थे, जबकि कल्लू और अनुज पिता पुत्र थे। ये सभी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी हैं। डीसीपी संजय सेन ने बताया कि देर रात 1:27 बजे पीसीआर कॉल मिली थी कि आनंद पर्वत के गली नंबर 10 में ट्रक पलट गया है। जिसमें चार-पांच लोग फंसे हुए हैं। जब पुलिस मौके पहुंची तो देखा कि रोहतक रोड पर एमसीडी का ट्रक पलटा हुआ है। क्रेन की मदद से उसे हटाया गया और जो लोग उसके अंदर फंसे हुए थे, उनको निकाला गया। जिसमें तीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल कल्लू को जीवन माला हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि गली नंबर 10 की तरफ से एमसीडी का ट्रक आ रहा था। बैलेंस बिगड़ने से वह मुख्य सड़क पर पलट गया। इस घटना में ट्रक ड्राइवर भी घायल हो गया है, लेकिन वह मौके पर नहीं मिला। सभी शव को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डीयू के 12 कॉलेजों में फंड की कमी, एलजी ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** सरकार की तरफ से वित्त पोषित 12 कॉलेजों में फंड की कमी को लेकर उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार से रिपोर्ट देने को कहा है। दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले इन 12 कॉलेजों में प्राथमिकता के साथ निरीक्षण करने और 15 दिन में रिपोर्ट जमा करने की बात कही है। एलजी कार्यालय की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से 17 फरवरी को पत्र लिखा गया है कि इन कॉलेजों का बकाया फंड जारी करने और मसलों का हल निकालने पर विचार करें। अब छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। यह दिल्ली विश्वविद्यालय के वे कॉलेज हैं, जिन्हें 100 फीसदी फंड दिल्ली सरकार देती है। उल्लेखनीय है कि गत सात फरवरी को नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट के प्रतिनिधि मंडल ने एलजी से मुलाकात कर कॉलेजों में आ रही परेशानियों की जानकारी दी थी। प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि इन कॉलेजों में कर्मचारियों को पांच साल से वेतन 2 से 4 महीने देरी से मिल रहा है। फंड नहीं मिलने से कॉलेजों में छोटे- छोटे मरम्मत कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं और कई जगह इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षित नहीं है।

# 'डीयू को उत्कृष्टता के मापदंडों पर देश के अन्य विवि का नेतृत्व करना चाहिए'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रपति द्रोपदी** मुर्मू ने शनिवार को कहा कि पिछड़े और वंचित समाज से संघर्ष कर आगे आने वाले छात्र हीन भावना का शिकार न हों इसके लिए शिक्षकों और अन्य छात्रों को आगे आकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 99वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीयू को उत्कृष्टता के मापदंडों पर देश के अन्य विश्वविद्यालयों (विवि) का नेतृत्व करना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने अनुभवों को आगे रखते हुए छात्रों और शिक्षकों को संवेदनशील समाज की भूमिका समझायी। उन्होंने कहा कि वे शहर जाकर पढ़ाई करने वाली अपने गांव की पहली लड़की थीं। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपके सहपाठियों में भी कई ऐसे विद्यार्थी हो सकते हैं जिनके परिवार या गांव में उनसे पहले कोई भी विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाया होगा। ऐसे विद्यार्थी बहुत ही प्रतिभावान और संघर्षशील होते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए बड़े उत्साह के साथ विश्वविद्यालय आते हैं। कभी-कभी ऐसी स्थितियां उत्पन्न की जाती हैं, जिनके कारण ये 'इन्फीरियॉरिटी काम्प्लेक्स' (हीन-भावना) के शिकार हो जाते हैं। किसी भी संवेदनशील समाज में ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसी पहली पीढ़ी के



**विश्वस्तरीय**

= युवाओं से दुनिया में उपलब्ध उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त करने की महात्मा गांधी की सलाह का पालन करने का आग्रह किया

विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रोत्साहित करना शिक्षकों और अन्य छात्रों का दायित्व है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय भारत की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करता है। देश और देश से बाहर उत्कृष्टता के हर क्षेत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय का एक अंश हमें दिखाई देता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पास विविध क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों की एक लंबी सूची है। हालांकि किसी संस्थान को अपनी उपलब्धी पर संतुष्ट नहीं होना चाहिए। तेजी से बदलती दुनिया में खुद को लगातार बदलना पड़ता है। इसी क्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के मापदंडों पर आगे आकर देश के अन्य विश्वविद्यालयों का नेतृत्व करना चाहिए। साथ ही अपने समकक्ष विश्वस्तरीय संस्थानों के बीच अपना एक स्थान बनाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें सभी भाषाओं और संस्कृतियों का सम्मान और स्वागत करना चाहिए, लेकिन अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहना चाहिए। जड़ों से ही संजीवनी और रचनात्मकता आती है। उन्होंने युवाओं से भारतीय धरती से जुड़े रहते हुए दुनिया में उपलब्ध उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त करने की महात्मा गांधी की सलाह का पालन करने का आग्रह किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच चलाया गया अतिक्रमण अभियान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** सरकार के लोक निर्माण विभाग ने शनिवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच मध्य दिल्ली में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। फुटपाथ पर बने दो धार्मिक स्थलों पर बुलडोजर चला। यहां फुटपाथ पर चलने वालों को समस्या हो रही थी। लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि फुटपाथ पर बने धार्मिक ढांचों को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस पर अदालत के आदेश हैं। 29 सितंबर, 2009 के एक आदेश में, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि सड़कों और पार्कों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं की संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों द्वारा मामला-दर- मामला समीक्षा की जाएगी और तेजी से उचित कदम उठाए जाएंगे।

# 'मेयर ने नियमों का पालन नहीं किया, निगम को भंग किया जाए'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** नगर निगम (एमसीडी) सदन में शुक्रवार देर शाम हुए हंगामा, मारपीट की घटना के बाद आरोप-प्रत्यारोप जारी है। शनिवार को दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने एक मंच पर आकर प्रेस वार्ता कर कहा कि जिस तरह के हालात हैं और मेयर शैली ओबरॉय ने नियमों का पालन नहीं किया, ऐसे में प्रावधान है कि निगम को भंग कर दिया जाए। सभी नेताओं ने इसकी पुरजोर तरीके से मांग की। भाजपा ने प्रेस वार्ता में मारपीट का वीडियो भी दिखाया है। दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मेयर शैली ओबरॉय उस समय अपना मोबाइल चेक कर रही थीं, उन्हें पार्टी से जो निर्देश मिलता था वही वो काम करती थीं। जिस भाषा का इस्तेमाल सदन में आप पार्षदों द्वारा हुआ है वो बेहद शर्मनाक है। इतने सालों में जो निगम में नहीं हुआ वो आम आदमी पार्टी कर रही है। एमसीडी में जैसे मनमानी चल रही है, वह निगम के एक्ट में स्पष्ट है। दिल्ली म्युनिसिपल एक्ट 490 के तहत दिल्ली नगर निगम को केंद्र सरकार भंग कर सकती है। हमारी मांग है कि मेयर टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकार करें, नहीं तो भाजपा निगम को भंग करने की मांग करती है। अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने पर केंद्र सरकार द्वारा निगम को भंग किया जा सकता है। सचदेवा ने आगे कहा कि स्थायी समिति चुनाव के बाद निगम की टेक्निकल कमेटी ने जो रिजल्ट दिया है, उसे घोषित करें। अगर ऐसा नहीं किया है तो भाजपा इसका विरोध करेगी। डीएमसी एक्ट की धारा 490 कहती है कि यदि निगम अपनी शक्तियों का गलत प्रयोग करता है तो निगम को भंग किया जा सकता है। वहीं दिल्ली भाजपा के महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने प्रेस वार्ता में कहा कि स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव का रिजल्ट मेयर को दिया जाता है। सारे वोट काउंट होने के बाद, आप और भाजपा के तीन-तीन सदस्यों की जीत का उसमें जिक्र है, लेकिन शैली ओबेरॉय अलोकतांत्रिक तरीके से चलना चाहती हैं, इसलिए रिजल्ट घोषित नहीं करती हैं और बैलट पेपर निकालती हैं और कहती हैं कि ये वोट मान्य नहीं है। जबकि टेक्निकल कमेटी उस वोट को भी मान्य बताती है।

इस मुद्दे पर चार घंटे तक एक ही बात चलती रहती है, भाजपा के पार्षद अमान्य वोट को वैध बताते हैं, लेकिन चार घंटे के बाद आप के पार्षदों का धैर्य खत्म होता है और आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं के निर्देश पर वे भाजपा पार्षदों से हाथापाई करने लगते हैं।



**अलोकतांत्रिक**

= ओबरॉय ने नियमों का पालन नहीं किया, ऐसे में प्रावधान है कि निगम को भंग कर दिया जाए

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में नर्सरी दाखिले की दौड़ एक मार्च से

**दाखिला प्रक्रिया**

= अब सर्वोदय की नर्सरी, केजी व पहली कक्षा में दाखिले के लिए एक मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली के** निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी व पहली कक्षा की दाखिला प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अब दिल्ली के सरकारी स्कूल (सर्वोदय) की नर्सरी, केजी व पहली कक्षा में दाखिले के लिए एक मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इन कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑफलाइन आवेदन 15 मार्च तक किया जा सकता है। दिल्ली में रहने वाले बच्चे ही दाखिले के लिए आवेदन के पात्र होंगे। स्कूल से एक किलोमीटर की दूरी में रहने वाले बच्चों को दाखिले में प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि स्कूल किसी भी बच्चे को किसी भी परिस्थिति में फॉर्म जमा करने से मना नहीं करें। यदि एक किलोमीटर के दायरे में कोई स्कूल नहीं होगा, ऐसी परिस्थिति में तीन किलोमीटर की दूरी वाले बच्चे दाखिले के योग्य होंगे। यदि बच्चा तीन किलोमीटर से अधिक की दूरी पर रहता है तो प्रिंसिपल बच्चे के सुरक्षित परिवहन के लिए अभिभावकों से शपथ पत्र लेंगे। शिक्षा निदेशालय ने शुक्रवार को नर्सरी, केजी व पहली कक्षा में दाखिले के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने इलाके के सर्वोदय स्कूल से अभिभावक दाखिला फॉर्म को प्राप्त कर सकते हैं। स्कूल में लगे ड्रॉप बॉक्स में अभिभावक सुबह की पाली वाले स्कूलों में सुबह 8.30 बजे से सुबह 11.30 बजे तक व सांयकालीन पाली वाले स्कूलों में दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक फॉर्म डाल सकते हैं। निदेशालय ने दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया है कि किसी भी बच्चे को किसी भी परिस्थिति में फॉर्म जमा करने से मना नहीं किया जाएगा। तीनों कक्षाओं के प्रत्येक सेक्शन में 40-40 बच्चे ही होंगे। नर्सरी में दाखिले के लिए बच्चे की आयु 31 मार्च 2023 तक तीन वर्ष, केजी में दाखिले के लिए चार वर्ष व पहली कक्षा में दाखिले के लिए पांच वर्ष पूरी होनी चाहिए।
18 मार्च को आवेदन करने वाले बच्चों की सूची फॉर्म में की गई गलती के साथ जारी की जाएगी। बच्चे के फॉर्म में कोई गलती है तो अभिभावक 20 व 21 मार्च को स्कूल जाकर गलती में सुधार कर सकते हैं।



# हाईकोर्ट ने एमसीडी के स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव पर अंतरिम रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 27 फरवरी को होने वाले दिल्ली नगर निगम के स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस गौरांग कांत की बेंच ने उप-राज्यपाल ऑफिस और दिल्ली नगर निगम के मेयर शैली ओबेरॉय को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने बैलेट पेपर और सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम की मेयर ने पूर्व के चुनाव परिणाम की घोषणा किए बिना ही नए चुनाव की तिथि की घोषणा कर नियमों का उल्लंघन किया है। भाजपा पार्षद शिखा रॉय और कमलजीत सहरावत ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर स्टैंडिंग कमिटी के चुनाव में मेयर शैली ओबेरॉय द्वारा एक वोट अवैध घोषित किए जाने को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकील राहुल मेहरा से पूछा कि क्या नियम के मुताबिक मेयर के पास फिर से चुनाव कराने का आदेश देने की शक्ति है। मेयर की ओर से पेश वकील ने कहा कि मेयर निर्वाचन अधिकारी होता है और उसका फैसला अंतिम होता है।



## संपादकीय

# जातियों की स्वाभाविक विदाई शुभ संकेत

**जाति** खासी चर्चा में है। डॉ. लोहिया और डॉ. अंबेडकर सहित अनेक चिंतकों ने भारत की जातीय संरचना को राष्ट्रीय एकता के विरुद्ध बताया है। डॉ. लोहिया ने जाति तोड़ो का नारा भी दिया था। डॉ. अंबेडकर ने भी जाति के समूल नाश का ध्येय लेकर लगातार काम किया था। जाति खात्मा सभी महान नेताओं का स्वप्न रहा है। लेकिन जाति की अस्मिता बढ़ाने का गलत काम जारी है। जाति की कोई संवैधानिक परिभाषा नहीं है। बेशक भारत में सैकड़ों जातियां हैं। जाति का अस्तित्व है। जाति की राजनीति है। जातियां राष्ट्रीय एकता में बाधक रही हैं। मूलभूत प्रश्न है कि आखिर जातियां हैं क्या?

फ्रांसीसी विद्वान सेनार्ट के अनुसार ये एक निकाय जैसी हैं। अनुवांशिकता से प्रतिबद्ध है। कतिपय उत्सवों के अवसर पर इनके लोग इकट्ठे होते हैं। समान धंधों व्यवसायों के कारण आपस में जुड़े रहते हैं। कुछ जातियों में परंपरागत जाति मनवाने के लिए जातिवाह्य घोषित करने की परंपरा भी रही है। भारत की वर्तमान जाति व्यवस्था में यह विवेचन लागू नहीं होता। एक विद्वान एच. मस्ले के अनुसार- 'जाति परिवारों का समूह होती हैं। प्रायः व्यवसाय विशेष की सूचक होती हैं। प्रत्येक जाति का एक पौराणिक पुरुष होता है। पौराणिक पुरुष अदृश्य देवता भी हो सकता है। जाति के सभी सदस्य स्वयं को उस पुरुष या देवता के प्रति निष्ठावान रखते हैं।' जाति की यह परिभाषा भी भारतीय जाति व्यवस्था का पूरा अर्थ नहीं प्रकट करती। 'हिस्ट्री ऑफ कास्ट इन इंडिया' में डॉ. केतकर ने लिखा है-'यह एक सामाजिक समूह होती हैं। इसकी सदस्यता संतति और इस प्रकार जन्मे लोगों तक ही सीमित रहती है। इसके सदस्यों पर कठोर सामाजिक नियमों के अधीन समाज के बाहर विवाह न करने पर पाबंदी रहती है।' यहां जाति का सबसे प्रमुख गुण है कि जाति समूह के बाहर विवाह करने पर पाबंदी रहती है। एक विद्वान नेस्फील्ड ने लिखा है-'जाति समाज का ऐसा समूह होती हैं जो अन्य वर्ग से किसी प्रकार का सम्बंध स्वीकार नहीं करती। इसके सदस्य अपने जाति समूह के बाहर अन्य जाति समूह से विवाह का रिश्ता नहीं जोड़ते। वे अन्य जातियों से खानपान का रिश्ता भी नहीं जोड़ते।' लेकिन भारत में खानपान के बंधन टूट गए हैं। स्वाधीनता संग्राम के पहले से ही भारत में जातियों की अस्मिता को राष्ट्रीय एकता में बाधक माना गया था। संविधान निमार्ता भी जातियों की समाप्ति चाहते थे। इसीलिए संविधान की उद्देशिका में जातियों का उल्लेख भी नहीं है। उद्देशिका संविधान का सारतत्व है। उद्देशिका का प्रारम्भ, 'हम भारत के लोग' से होता है। पूरे देश के जन गण मन को 'हम भारत के लोग' के दायरे में रखना और अभिज्ञात करना संविधान निमार्ताओं का स्वप्न रहा है। उद्देशिका संविधान का प्राण है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्र के स्वप्न अन्तर्निहित हैं। जाति समाप्ति और 'हम भारत के लोग' में विलय संविधान निमार्ताओं का स्वप्न रहा है। जातियां राष्ट्रीय एकता में बाधक है। लेकिन दुर्भाग्य से समाज में उनकी गहन उपस्थिति व अस्मिता है। विचारहीन राजनीति जाति अस्मिता को मजबूत करने पर आमादा है। दुनिया के प्रत्येक संविधान का एक दर्शन होता है। दर्शन विहीन संविधान राष्ट्र के अंतःकरण का भाग नहीं बनता।

# पाक अपने पापों का फल भुगत रहा



मृत्युंजय दीक्षित

> "यह भारत की कुशल रणनीति व कूटनीति का ही कमाल है कि आज जावेद अख्तर जैसे लोग जो मोदी जी के घोर आलोचक ही नहीं अपितु उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग करने के लिए जाने जाते हैं वह पाकिस्तान में जाकर सिर्फ अपनी वाहवाही के लिए ही सही पर आतंकवाद पर बोलकर आये हैं। जावेद अख्तर के नकली प्रेम से वामपंथी सेकुलर गैंग तालियां बजा रहा है कि जो काम मोदी नहीं कर सके वह जावेद अख्तर साहब कर आये लेकिन हकीकत क्या है ये हर कोई जानता है। पाकिस्तान की बदहाली की इन कहानियों के बीच कुछ रोचक बयानबाजी भी होती है जिसके बाद यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि भारत के लिए कौन सा पाकिस्तान अच्छा है, लोकतांत्रिक पाकिस्तान या सैनिक तानाशाही वाला पाकिस्तान या आज का कंगाल पाकिस्तान?"

**पड़ोसी** देश पाकिस्तान आज भारी कर्ज व अभूतपूर्व मंहगाई के बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। यद्यपि पाकिस्तान सरकार इससे मुक्ति पाने के लिए कुछ कदम उठा रही है लेकिन यह कदम पाकिस्तान को इस भंवरजाल से उबारने के लिए नाकाफी हैं। कहा जाता है कि बुरे समय में एक के बाद एक सभी अपका साथ छोड़ कर चले जाते हैं और यही हाल इस पाकितान का हो रहा है धीरे धीरे विश्व के सभी देश उससे किनारा कर रहे हैं । इन परिस्थितियों में भी पाकिस्तान के राजनेता, सेना, आई.एस.आई सुधरने का नाम नहीं ले रहे, कश्मीर-कश्मीर का गाना और आतंक को पनाह देना आज भी इससे अलग हट कर वो कुछ सोच नहीं सकते। वहीं आंतरिक स्तर पर अल्पसंख्यकों का जीवन दूभर है । हिन्दू बच्चियों का अपहरण, धर्मान्तरण, मार पीट, मंदिरों को नष्ट करना यह पाकिस्तान के दैनिक समाचार हैं ।कश्मीर की चाहत के नाम पर भारत की धरती पर खून की होली खेलने वाले खूंखार आतंकवादी पाकिस्तान की सड़कों पर खुले आम घूम रहे हैं और वो दुनिया की आंखों में धूल झोंकने के लिए अपने यहां टीवी चैनलों पर रिपोटिंग प्रतिबंधित कर रहा है। विगत दिनों पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान पहले ही दिवालिया हो चुका है ।हम सब एक डिफाल्टर हो चुके देश में रह रहे हैं ।पाक की आर्थिक तंगी को लेकर रक्षा मंत्री ने यहां तक कह दिया कि अब आईएमएफ भी हमारी मदद नहीं कर सकता ।हमें खुद ही इसका समाधान खोजना होगा। आसिफ ने इमरान की सरकार पर देश में आतंकियों को पनाह देने के आरोप लगाए जबकि वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान आतंकियों का पनाहगार व संरक्षण दाता अपने जन्म काल से ही हो गया था।

पाकिस्तान के हालात वाकई बहुत खराब हैं। महंगाई बहुत बढ़ गई है, पेट्रोल 272 तथा डीजल 281 रुपये लीटर मिल रहा है। रसोई गैस का सिलेंडर 3400 रुपए का आकंड़ा पार कर चुका है। पाकिस्तान के धनाड्य लोग प्रायः वहां से जा चुके है ।केवल वही गरीब आम जनता जो विदेश नहीं भाग सकती, जिसके पास कोई साधन नहीं है वहां पर फंस गई है और अपनी सरकार का मुंह ताक रही है। पाकिस्तान को अपने खर्चों में कटौती के लिए विवश होना पड़ रहा है लेकिन ये कटौती नाकाफी है अभी वहां के हालात और बिगड़ने वाले हैं। पाकिस्तान में महंगाई 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है ।आईएमएफ पाकिस्तान पर कड़ी शर्तें लगा रहा है जिसके कारण पाकिस्तान की अवाम का गुस्सा और भड़क सकता है। शाहबाज शरीफ की सरकार दो तरफ से फंस गई है। पाकिस्तान का खजाना खाली हो रहा है उसके पास 2022 में 16.7 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार था जो अब घटकर 3 अरब डॉलर रह गया है ।जिसके कारण पाकिस्तान वाशिंगटन स्थित अपने दूतावास की संपत्ति को बेचना चाहता है जिससे कुछ पैसे जुटाए जा सकें। यही कारण है कि अब शरीफ सरकार ने अपने खर्चो में कई प्रकार की कटौतियों का ऐलान कर - भी दिया है साथ ही सरकार अपनी बहुत संपत्ति बेचने जा रही है ।पाक कैबिनेट की बैठकों में अब केवल चाय ही मिलेगी ।वहां पर रात साढे. आठ बजे के बाद बाजारों व शॉपिंग माल आदि में बिजली नहीं रहेगी। इस प्रकार की कटौतियां का पाकिस्तान को कितना लाभ मिलेगा यह तो समय ही बतायेगा। फिलहाल चर्चा यह भी है कि अब पाकिस्तान अपना परमाणु बम बेचकर ही अपने आपको बचा सकता है जिसकी अभी कोई संभावना नहीं दिखाई पड़ रही है।

पाक सरकार ने आईएसआई की फंडिंग में भी कटौती कर दी है। लेकिन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईसआई का काम चलता रहेगा क्योंकि उसे इस्लाम के नाम पर दुनियाभर के मुस्लिम देशों से मदद मिलती है। पाकिस्तान के इन बुरे हालातों के बीच वहां के कई वीडियो आजकल टीवी चैनलों पर खूब दिखाए जा रहे हैं । इन वीडियो में एक यूटयूबर एक नागरिक को बताती है कि जब सन 1947 में देश बना तो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे थे लेकिन अब लोग अब कह रहे हैं कि पाकिस्तान से जिंदा भागो चाहे चाहे इंडिया चले जाओ। इस पर एक अन्य नागरिक जवाब देता है कि 1947 में पाकिस्तान बना और अलग हो गया अगर ऐसा नहीं होता तो सारा हिंद पाक एक ही होता। इसके बाद एक व्यक्ति कहता है पाक को भी मोदी मिल जाये ।वहां की आवाम को अब न नवाज, न शरीफ, न इमरान, नही सैनिक तानाशाही उसे तो सिर्फ मोदी चाहिए। भारत की प्रगति व विकास को देखकर आज पाकिस्तान की जनता मोदी मोदी के नारे लगा रही है।

जिससे कुछ सेकुलर घबरा गए हैं और अपना चोला बदलकर नकली राष्ट्रवादी बनकर अपनी वाहवाही करवाने के लिए कूद रहे हैं लेकिन इससे उनका कुछ भला नहीं होने वाला क्योंकि यह लोग भारत में अपनी हरकतों से बेनकाब हो चुके है और भारत में इन लोगों पर अब कोई तालियां बजाना तो दूर उन पर रोना या हंसना भी नहीं चाहता।

पाठक समझ गये होंगे कि यहाँ जावेद अख्तर की बात हो रही है जो अभी पाकिस्तान में एक साजिश वाली नकली स्ट्राइक करके आए हैं। यह भारत की कुशल रणनीति व कूटनीति का ही कमाल है कि आज जावेद अख्तर जैसे लोग जो मोदी जी के घोर आलोचक ही नहीं अपितु उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग करने के लिए जाने जाते हैं वह पाकिस्तान में जाकर सिर्फ अपनी वाहवाही के लिए ही सही पर आतंकवाद पर बोलकर आये हैं। जावेद अख्तर के नकली प्रेम से वामपंथी सेकुलर गैंग तालियां बजा रहा है कि जो काम मोदी नहीं कर सके वह जावेद अख्तर साहब कर आये लेकिन हकीकत क्या है ये हर कोई जानता है। पाकिस्तान की बदहाली की इन कहानियों के बीच कुछ रोचक बयानबाजी भी होती है जिसके बाद यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि भारत के लिए कौन सा पाकिस्तान अच्छा है, लोकतांत्रिक पाकिस्तान या सैनिक तानाशाही वाला पाकिस्तान या आज का कंगाल पाकिस्तान? सच तो ये है कि पाकिस्तान का कंगाल होकर डूबना ही भारत सहित पूरे विश्व के हित में हैं क्योंकि तब न आतंकवाद की पनाहगाह रहेगी और न आतंकवाद रहेगा। भारत के भीतर बैठी वो सभी देशविरोधी ताकतें भी डूब जायेंगी जो भारतीय संस्कृति की विरोधी हैं तथा जिनकी राजनीति का अहम बिंदु पाकिस्तान रहता है जैसे कश्मीर का गुपकार गैंग। वर्तमान समय में पाकिस्तान को जरा सी भी ढील देना एक बड़ा गलत कदम साबित होगा। आज पाकिस्तान के जो हालात बने हैं उसके लिए वह स्वयं दोषी है और जो लोग उसकी तुलना श्रीलंका से कर रहे हैं वह भी पाखंड व धूर्तता से कम नही है। पाकिस्तान आतंकवाद का जनक है और उसने हमारे ऊपर युद्ध थोपे, शांति प्रयासों की पीठ में छुरा भोंका, आतंकवाद को प्रश्रय देकर आज भी छद्म युद्ध लड़ रहा है, हमारे हजारों बच्चों, युवाओं, महिलाओं व सैनिकों का खून बहाया है। आज भी पाक की धरती, वहां की सरकार व सेना की तरफ से भारत विरोधी खूंखार गतिविधियां व साजिशें अनवरत जारी हैं। पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर अमानवीय अत्याचार हो रहे हैं । पाकिस्तान जैसे शत्रु का यदि उसकी ही गलती से सर्वनाश हो रहा हो तो इसे ईश्वर का वरदान मानना चाहिए।



## कविता

### तेरा यों इल्जाम लगाना ठीक नहीं

तेरा हमें यों अपनी, बेरूखी दिखाना ठीक नहीं,
हमारी फि क्र में अपना, दिल जलाना ठीक नहीं,

हमनें झेले हैं रास्तों पर कांटे,अब दर्द नहीं होता,
हमें गिराने में, तेरा खुद गिर जाना ठीक नहीं,

क्यों अकड़ते हो तुम , किस बात को लेकर,
फिर अपनी सफाई भी, बताना ठीक नहीं,

हमें बेपरवाह रखा खुदा ने,अनजान रास्तों पर भी,
बेकसूर को तेरा, इतना भी सताना ठीक नहीं,

माना की तुम खास हो, खुद के ही आईने में,
हम पर तेरा, यों इल्जाम लगाना ठीक नहीं,

रामेश्वर दास भान

# लेखकों के झमेले.. कितना झेलें

**रेखा शाह आरबी**

**वह** संपादक थे.. बड़े ही प्रतिष्ठित समाचार पत्र के.. और वह समाचार पत्र की हृदय स्थली लेखकों की मथुरा -काशी संपादकीय पृष्ठ के कर्ताधर्ता भी थे । वही संपादकीय पृष्ठ जिस पर सभी फन्ने खां ,तुर्रम खां लेखकों की गिद्ध दृष्टि गड़ी रहती है, लेखक संडास से भले ही बाद में फारिग होते हैं लेकिन सबसे पहले उस संपादकीय पृष्ठ के कोने कोने को पढ़कर फारिग होते हैं.. अपना नाम दूरबीन से तब तक खोजते रहते हैं जब तक उन्हें अपना लिखा हुआ ना मिल जाए.. इस अभियान में कभी मिल जाए तो खुशी और कभी ना मिले तो गम..। लेखकों को लगता है कि उनकी रचनाओं को स्थान न देकर सिर्फ उनके साथ अन्याय किया जा रहा है.. लेकिन संपादक पर तो सबसे ज्यादा अत्याचार हो जाता है.. और वह कह भी नहीं सकता। इस धरती का नियम भी अजीब है जितने बड़े लोग इतना बड़ा दुख और जितने छोटे लोग उतना छोटा दुख। क्योंकि नए लेखकों की रचना को तो संपादक टाल भी सकता है पर प्रतिष्ठित और बड़े हस्तियों की रचनाओं को नजरअंदाज करने का साहस तो खुद संपादक के पास भी नहीं होता ।आखिर वह नजरअंदाज करें भी तो भला कैसे करें... बड़े लोग बड़ी जान -पहचान.. रात दिन का मिलना जुलना बड़े लोगों का नाम बिकता है काम कौन देखता है । तो कभी कभी अनिच्छा होने पर भी इच्छा पैदा करना पड़ता है । वह कभी भी बड़े लेखकों को नाराज करने का रिस्क नहीं ले पाता.. भले इस चक्कर में कई नवोदित प्रतिभाशालियों की रचना कूड़ेदान में कराहने लगती है। जिस रचना रूपी पुष्प को खिलकर आकाश तक पहुंच जाना चाहिए वह बड़ी हस्ती के नाम के नीचे अल्पायु में ही प्राण त्याग जाती है। इतना ही झमेला होता तो संपादक कहीं ना कहीं संभाल लेता लेकिन कुछ लेखक तो फेविकोल के जोड़ से भी मजबूत जोड़ संपादक के साथ जोड़ लेते हैं, संपादक को सुबह शाम गुड मॉर्निंग मैसेज के साथ एक प्यारी सी स्माइली भेजता है । जिससे कि संपादक किसी भी हाल में माननीय को भूल न पाए, हर सोशल आईडी से जुड़े यह लेखक संपादक के सामान्य से पोस्ट को भी आसमान का तारा- सितारा बता बता कर संपादक को ना नहीं कह पाने की निरीह अवस्था में पहुंचा देते हैं। कुछ माननीय लेखक तो अपने.. अपनेपन का पिटारा लेकर घर तक पहुंच जाते हैं और बच्चों के प्रिय चाचा और भाभी जी के दुलरवा भी बन जाते हैं अब बेचारा संपादक वह भी तो बाल बच्चे दार परिवार वाला है। पत्नी के आगे भला किसकी चली है जब गृह मंत्रालय से आर्डर पास हो जाए तब बड़ा से बड़ा तीस मार खान भी सरेंडर कर देता है बेचारा संपादक जाए तो कहां जाए ..करें भी तो क्या करें । आखिर वह भी हार मान कर लेखक की मन चाही मुराद पूरी कर देता है भले इसमें कितने प्रतिभा शालियों की प्रतिभा मेल के डस्टबिन में चली जाती है।

## विचार

# शिक्षा का सफर चाय और पकौड़े के साथ

**राखी सरोज**

**आज** शिक्षा हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गई है जहां 2022 में हमारे भारत देश की साक्षरता दर 77.7% दर्ज की गई है ।भारत की साक्षरता दर 2011 में 73% थी जो 10 सालों में करीब 5 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं बढ़ती जनसंख्या के साथ एक युवा पीढ़ी का ऐसा भाग भी सामने आ रहा है, जो शिक्षा को महत्व पूर्ण नहीं मानता है। जिसका मुख्य तर्क युवा पीढ़ी का यह भाग यह देते नजर आ रहे है कि बड़ी-बड़ी डिग्री किसी काम की नहीं है वहां आपको कमाकर उतना पैसा नहीं दे सकती जितना पैसा वह रोज कार्य कर के कमा रहे है। युवा पीढ़ी का यह तबका मानता है कि आपको बड़ी-बड़ी डिग्री लेने और नौकरी करने के स्थान पर अपना बिजनेस करना चाहिए। एक ऐसा बिजनेस जिसके मालिक आपको खुद और जिस बिजनेस के लिए आपको पढ़ाई लिखाई की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार का बिजनेस आपका पैसा बहुत देगा जो एक आपको अच्छी डिग्री और अच्छी नौकरी नहीं दे सकती है। इस तरीके के विचारों से आज सोशल मीडिया संपूर्ण रूप से ढक चुका है। वह युवा पीढ़ी जो पढ़ लिखकर मेहनत करके हमारे देश का नाम रोशन कर सकती है आज ऐसे लोगों के बहकावे में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। चाय की टप्पली या एक ऑफिस वर्कर की नौकरी दोनों ही कार्य मेरी नजरों में सम्मान जनक हैं। किसी भी कार्य को निचली नजरों से देखने की ऐनक मेरे पास प्रस्तुत नहीं है। किंतु जब मैं यह सोचती हूं कि कैसे एक कार्य को महत्व पूर्ण बतलाने के लिए हम दूसरे कार्य को निचला बतला रहे है, तब एक विचार जहन में आता है। क्या किसी कार्य का आधार केवल कमाई अर्थात रुपया ही महत्वपूर्ण है? नौकरी या बिजनेस दोनों ही कार्य पैसा कमाने के लिए किए जाते हैं ताकि हम अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। सामान्य रूप से यही आधार होता है जब हम किसी बिजनेस या नौकरी में जाते हैं। किंतु जैसे-जैसे बाप बिजनेस या नौकरी हमारे जीवन का हिस्सा बनती जाती है केवल वहां पैसा कमाने का एक आधार नहीं रह जाती उससे कहीं अधिक महत्व उसका हमारे लिए हो ही जाता है। जैसे एक अध्यापक का कार्य हो? सकता है मैं पैसा कमाने के लिए शुरू करूं, लेकिन धीरे-धीरे वह कार्य बच्चों का भविष्य बनाने की दिशा से जुड़ जाएगा। ऐसे में जब हम किसी सोशल वेबसाइट पर आकर आज की युवा पीढ़ी को या ज्ञान देते हुए नजर आते हैं कि आप पढ़ाई लिखाई छोड़ कर चाय की टपरी पकोड़े की कढ़ाई में कूद पड़े क्योंकि बड़ी-बड़ी डिग्रियों से तो पैसा मिलेगा ही नहीं और आपका समय ही बर्बाद होगा तो कहीं ना कहीं हम अपने भविष्य के साथ ही खेल रहे हैं। ऐसा तो नहीं है कि आज? चाए बैचेन वाला अपने बच्चों को पढ़ने के लिए किसी स्कूल या कॉलेज में नहीं भेज रहा और यदि उसके बच्चे किसी स्कूल कॉलेज में जा रही हैं तो वहां वही लोग पढ़ा रहे हैं जो चाय की टिप्पणी या पकौड़ी की कढ़ाई में नहीं कूदे हैं। जिन्होंने पैसों के हिसाब से ज्यादा महत्वपूर्ण शिक्षा को समझा है। आज जब सोशल मीडिया पर आकर छोटे-छोटे कार्य करने वाले युवा पीढ़ी के वहां तबका युवा पीढ़ी को ज्ञान देता है कि शिक्षा से हमारा घर नहीं चलेगा शिक्षा हमें नौकरी नहीं देती है, तो भूल जाती है कि यह शिक्षा ही के कारण आज सोशल मीडिया पर ज्ञान बांट रहे है। किसी व्यक्ति की शिक्षा के चलते ही आज सोशल मीडिया बना है और जिस सोशल मीडिया को वहां इंटरनेट के द्वारा चला रहे है। वह इंटरनेट भी शिक्षा के कारण ही हैं साथ ही साथ जिस फोन कंप्यूटर लैपटॉप इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक सामानों का प्रयोग वह आज अपनी कार्य का प्रदर्शन करने के लिए कर रहे हैं उसका आविष्कार भी शिक्षा के चलते ही हुआ है। ऐसे में उन्हें यह समझ लेना आवश्यक है कि शिक्षा कोई मजाक नहीं है और जब वह शिक्षा यह किसी नौकरी करने वाले व्यक्ति का मजाक यह कहते हुए उठाते है। कि उससे ज्यादा पैसा हम एक दिन में कमाए लेते है तो वह उनका नहीं अपने भविष्य का मजाक बना रहे है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# किसी व्यक्ति को कैसे पता चलता है कि उसके पास प्रतिभा है

**विजय गर्ग**

**हाल के** अनुमानों का अनुमान है कि भारत इस साल आबादी में चीन को पीछे छोड़ देगा और 2030 तक जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। लेकिन भारत ओलंपिक पदक जीतने या अन्य समाजों की तरह वैज्ञानिक पेटेंट हासिल करने में उतना अच्छा नहीं है। स्वीडन - जिसके नौ मिलियन लोगों ने 11 ओलंपिक पदक जीते (2016 में), प्रति मिलियन एक पदक से अधिक की दर हासिल करते हुए - प्रति मिलियन लोगों पर 300 से अधिक वैज्ञानिक पेटेंट भी हासिल किए। दूसरी ओर, 100 गुना से अधिक लोगों के साथ भारत बहुत कम ओलंपिक पदक जीतता है (2016 में प्रति 500 ??मिलियन लोगों पर एक पदक की दर से दो पदक) और बहुत कम पेटेंट (प्रति मिलियन लोगों पर 6.25 पेटेंट आवेदन)। सवाल यह है कि क्या भारत में प्रतिभा की कमी है या इसकी प्रतिभाओं को प्रभावी रूप से बाहर नहीं निकाला गया है? हर समाज में अति-अमीरों के बच्चों को हर अवसर मिलता है। प्रतिभा को बाहर निकालने का सवाल गरीबों के बच्चों पर और इस बात पर घूमता है कि क्या उन्हें अवसर दिए जाते हैं। राष्ट्रीय प्रदर्शन के साथ-साथ सामाजिक न्याय एक ही मूल अवधारणा पर टिका है - अवसर की समानता, यानी समान रूप से मेहनती और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी आय, लिंग, जाति और स्थानीयता के बावजूद उच्च स्तर तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। भारत अपने खेल और अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा के लिए कितनी गहराई तक खुदाई करता है? भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को किस हद तक खेल और गणित और चित्रकला और लेखन और अन्य उपलब्धियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है? विषय पर बहुत कम जाना जाता है। विधायी अध्ययन अभी शुरू हो रहे हैं। हम अपने हालिया वर्किंग पेपर में ज्ञान के इस महत्वपूर्ण और बढ़ते शरीर में योगदान करते हैं, 806 छात्रों (ग्रामीण बिहार में 410, पटना में मलिन बस्तियों में 103 और दिल्ली में मलिन बस्तियों में 293) से 12 से 14 वर्ष की आयु के बीच, सरकारी स्कूलों में नामांकित, पेंटिंग, एथलेटिक्स, गायन, रंगमंच, शतरंज, कोडिंग और मानसिक गणित सहित आठ अलग-अलग गतिविधियों तक उनकी पहुंच के बारे में।

# सब समय समय की बात है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**ऐसा न**ही है कि सूरज के लिए दिन में तो चाँद के लिए रात में महंगाई घटती-बढ़ती है। ऐसा दुनिया के किसी ओर कोने में होता होगा तो होता होगा। यह हिंदुस्तान है मेरी जान! यहाँ गीता, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहिब आदि की बातें समझ में आएँ या न आएँ मंहगाई की बात सबको समझ में आती है। वैसे इंसानी शरीर दिमाग की बातें समझने में बड़ा नाक-भौं सिकुड़ता है, लेकिन पेट की बात चुटकी बजाते समझ जाता है। विराट कोहली शतक बनाए न बनाए फिर चाहे शून्य पर ही क्यों न आऊट हो जाए, अब कोई फर्क नहीं पड़ता। देश को महंगाई के नाम पर ऐसा बल्लेबाज मिला है, जो शहर, गाँव, मोहल्ला, बस्ती, गली हर जगह शतक बनाने से नहीं चूकता। वह दिन दूर नहीं जब सचिन तेंदुलकर के रनों का अंबार महंगाई अपने अकेले के दम पर तोड़कर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। तब हमारे पास प्रसंशा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ ताली-थाली पीटने के सिवाय कोई दूसरा काम नहीं बचेगा। आजकल के छोकरे कोलकाता का ऐतिहासिक टेस्ट मैच नहीं जानते होंगे।

फॉलोऑन खेलते हुए वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ ने ऐसी पारी खेली थी कि आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सारा का सारा घमंड चकनाचूर हो गया था। किंतु आजकल के छोकरों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें महंगाई के रूप में ऐसे खिलाड़ी मिले हैं जो कभी-कभार नहीं हमेशा फालोऑन की पारी खेलने के लिए तत्पर रहते हैं। इन दोनों की साझेदारी शोले के जय-वीरू से भी सॉलिड है। फेवीक्विक का विज्ञापन इनके सामने पानी भरता है। कोई मजाल जो इन्हें आऊट कर सकें। अभी तक ऐसा कोई बॉलर पैदा नहीं हुआ जो इन्हें मैदान तो दूर सपने तक में आऊट कर सके। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी नामी-गिरामी खिलाड़ियों की नींद हराम हो चुकी है। इन सबको रिप्लेस करने के लिए एक से बढ़कर धुरंधर खिलाड़ी आ चुके हैं। महंगाई ओपनिंग में उतरकर ऐसे धुआंधार शॉट खेलेगा कि सबके छक्के छूट जाएँ। मिडिल ऑर्डर में गैस सिलेंडर, खाने का तेल, अनाज की तिकड़ी को देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। निचले क्रम में बिजली, दाल, सब्जी, फल, दूध, चीनी का आतंक देख बाप रे बाप कहती हुई दुनिया की सारी टीमें खेलने से पहले ही धराशायी हो गई हैं।

# 'जन सहायक हेल्प मी एप का करें इस्तेमाल'

## मोबाइल नंबर या परिवार पहचान पत्र के द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश सरकार** द्वारा दी जाने वाली सेवाएं और सूचनाएं अब एक ही एप के माध्यम से मोबाइल पर भी प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन सहायक हेल्प मी एप शुरू किया गया है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई जन सहायक हेल्प मी एप के माध्यम से आम नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं और सूचनाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध होंगी। यह सेवाएं आप घर पर मौजूद रहते हुए ही एप के माध्यम से देख सकते हैं और योजनाओं का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए जिलावासी मोबाईल पर जनसहायक एप डाउनलोड कर सकते हैं। एप का इस्तेमाल करने के लिएरल पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी जन सहायक एप पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन डायल 112 पर उपलब्ध आपातकालीन सेवाएं (पुलिस, एंबुलेंस व अग्निशमन), 104 स्वास्थ्य, 1091 महिला हेल्पलाइन, 1098 बाल हेल्पलाइन सहित अन्य सेवाओं के रूप में निविदाएं, बिल भुगतान, यात्रा, नौकरियां, खेल, आधारभूत संरचना व कौशल विकास और सरल सेवाएं, विभागवार सेवाएं, यूजर्स सेवाएं व जन शिकायत एवं आरटीआई आदि सभी प्रकार की सेवाएं व सूचनाएं जन सहायक एप पर उपलब्ध हैं। साथ ही एप पर नवीनतम समाचार, कैलेंडर एवं कार्यक्रम, सरकार की नवीनतम उपलब्धियां और घोषणाओं सहित सरकारी दूरभाष निर्देशिका भी



मौजूद है, जिसका प्रयोग लोग अपने मोबाइल फोन के माध्यम से उठा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि जन सहायक एप के माध्यम से सरकार द्वारा किसी विशेष जिला, आयु वर्ग आदि के नागरिकों को नोटिफिकेशन भेजी जा सकती है। जन सहायक एप पर रजिस्ट्रेशन करवाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। इस जनसहायक एप के माध्यम से सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं पर नागरिक अपने सुझाव भी दे सकते हैं। साथ ही प्राप्त सुझावों का विश्लेषण कर विभागों की सेवा प्रदायगी को और उत्कृष्ट बनाया जा सकता है।
एप के माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा किसी भी सेवा के लिए अनुरोध किये जाने पर तुरंत संबंधित जिला के संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया जाता है। स्वयं सेवी संस्थाएं तथा समर्थ नागरिक एवं परिवार इस एप के माध्यम से पंजीकरण करवा कर जरूरतमंद लोगो को मदद पंहुचा सकते हैं।
उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक नागरिक जो जनसहायक मोबाइल एप को डाउनलोड करना चाहते हैं वे गूगल प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड कर लें। मोबाइल ऐप के इंस्टॉल होने के बाद एप को ओपन करके भाषा का चयन करें। इसके बाद 10 अंकों का मोबाइल नंबर दर्ज करके बटन पर क्लिक कर दें। मोबाइल नंबर के सफलतापूर्वक सत्यापित होने के बाद एप के माध्यम से सेवाओं के लिए अनुरोध किया जा सके।

### पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही करें विदेश यात्रा: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्य के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग केवल पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। विदेश भेजने का प्रलोभन देने वाले अनाधिकृत एजेंटों के चंगुल में न फंसे। भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा पंजीकृत एजेंटों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे में लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्राय: देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन सावधान व सतर्क रहें। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों से अपना विज्ञापन प्रकाशित करवाते हैं, जिससे आमजन आसानी से उनके झांसे में आकर मेहनत की कमाई, संपत्ति व गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने छात्रा को कुचला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** में साइकिल पर सवार एक छात्रा को ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक फरार हो गया। पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव दहा की रहने वाली 17 वर्षीय पायल 12वीं कक्षा की मेडिकल की छात्रा थी। पिछले कई माह से वह करनाल में ही अपनी बुआ के घर पर रह रही थी। दो दिन पहले ही उसकी बुआ व फूफा शादी में गए तो पायल को उसके गांव दहा भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि पायल दो दिन से साइकिल पर ही गांव से पढने के लिए करनाल जा रही थी। आज सुबह भी वह करीब 7 बजकर 40 मिनट पर घर से निकली थी। जब वह नई अनाज मंडी के पास पहुंची तो फ्लाईओवर से वह रॉन्ग साइड से जा रही थी। इस दौरान सामने से आ रहे रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे कुचल दिया। पायल के ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया उतर गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस



हादसे में बाद ड्राइवर मौके पर ट्रैक्टर ट्रॉली को छोडकर फरार हो गया। राहगीर ने पायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक पायल की मौत हो चुकी थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही पायल का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया था।
उन्हें क्या पता था कि पायल का यह आखिरी जन्मदिन था।
सेक्टर 4 पुलिस चौकी इंचार्ज जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### टीबी की बीमारी के इलाज के दौरान कैदी की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**



**जिला** जेल में बंद कैदी सचिन निवासी गोहाना जिला सोनीपत की टीबी बीमारी के कारण मौत हो गई। वह कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती था, जहां पर उसका उपचार चल रहा था। बीती देर शाम को सचिन ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय सचिव पर चोरी के 20 मामले दर्ज थे। इन मामलों की सुनवाई भी कोर्ट में चली हुई थी। पुलिस ने सचिन को सितंबर 2020 में अरेस्ट किया था और तब से यह जेल में ही बंद था। सचिन टीबी की बीमारी से पीडित था। 21 फरवरी को सचिन की हालत ज्यादा खराब हो गई थी, जिसके बाद उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। डॉक्टर अस्पताल में उसका ट्रीटमेंट कर रहें थे, लेकिन उसकी हालत में कोई भी सुधार नहीं हो रहा था। इलाज के दौरान ही सचिन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सचिन की मौत की खबर पुलिस ने देर शाम को ही परिजनों को दी। इसके बाद परिजन अस्पताल में पहुंचे। आज बोर्ड के द्वारा मृतक सचिन के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### एनीमिया मुक्ति के लिए हरी सब्जियों का सेवन जरूरी: डीसी

**पानीपत: डीसी** सुशील सारवान ने कहा कि एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत एनीमिया दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रभावी रूप से कार्य करते हुए बच्चों में हीमोग्लोबिन की जांच करना सुनिश्चित करें। इससे मुक्ति के लिए प्रतिदिन हरी पत्तेदार सब्जियों को आहार में शामिल करें तथा सही पाचन के लिए निंबू, मौसमी, आंवला व संतरा का भी सेवन करें। उन्होंने बताया कि एनीमिया को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक, सरसों, मेथी, बथुआ, गाजर, चुकंदर आदि का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। इनके साथ भोजन में विटामिन-सी एवं ए युक्त खाद्य पदार्थ जैसे नींबू, मौसमी, आंवला और संतरा आदि भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि हरी पत्तेदार सब्जी को लोहे की कढ़ाई में बनाये तथा रसोई में लोहे से बने बर्तनों का प्रयोग करें। खाना खाने के बाद गुड़ या गुड़ से बनी चीजें जैसे टिकड़ी या तिल से बनी गुड़ की पट्टी अवश्य खानी चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों में आयरन की कमी होने पर आयरन की गोली भी खिलाई जा सकती है। आयरन युक्त आहार व गोलियां खाने से कम से कम 2 घंटे पहले या बाद में दूध का सेवन करें।

### बैंकों की सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं नागरिक: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत सरकार** की ओर से क्रियान्वित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाते हुए आम नागरिक नाममात्र की राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपये तक बीमा होता है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर एक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर उसे मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपये के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। इस योजना का वार्षिक नवीनीकरण होता है। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। योजना का वार्षिक नवीनीकरण होता है। आम नागरिक इन योजनाओं में शामिल होकर अपने परिजनों को सुरक्षा प्रदान करें। इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से अपने आप काट लिया जाता है। दावे की राशि दावेदार के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि दुर्घटना मृत्यु होने पर इसकी सूचना तत्काल बैंक को दी जाए।

### जिलाधीश ने सीएम के करनाल प्रवास के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर लगाई धारा-144

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिलाधीश** अनीश यादव ने 26 फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल प्रवास के दौरान जिला में उनकी सुरक्षा के मद्देनजर दण्ड प्रकिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं।
आदेशों में कहा गया है कि जिस स्थान पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रहेगा, उसके 1 किलोमीटर के दायरे के अन्दर 26 फरवरी से 27 फरवरी तक रेड जोन घोषित किया गया है, जिसमें कोई भी मानव रहित उड? वाला वाहन (ड्रोन इत्यादि) के उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक करनाल उक्त आदेशों की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करेंगे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं.: 9991270143**

## आम लोगों की सीधे शिकायत सुनेंगे सीएम: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल रविवार 26 फरवरी को करनाल में आम लोगों से जुड़ी शिकायतों की सीधे सुनवाई करेंगे। समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इसके लिए करनाल शहर में स्थित करनाल क्लब जगह निर्धारित की गई है। यहां पर सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री जन समस्याओं की सनवाई करेंगे। जिला उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि कोई भी व्यक्ति इस दौरान अपनी शिकायत लेकर करनाल क्लब पहुंच सकता है। सबसे पहले उसे शिकायत का पंजीकरण करवाना होगा। इसके बाद उसकी शिकायत पर सुनवाई होगी। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौके पर ही मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन करनाल ने इस संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली है। बता दें कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री जन-संवाद नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष पहुंच सकता है। इससे पहले यह जन संवाद कार्यक्रम सिरसा, सोनीपत जिले में प्रभावी तरीके से आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री ने खुद लोगों की शिकायत सुनकर मौके पर ही उनका निपटारा करवाया।

## शहीद भगत सिंह की राष्ट्र भक्ति से मिलती है सभी को प्रेरणा: महापौर रेनू बाला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**वरिष्ठ** नागरिक मंच करनाल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महापौर रेनू बाला के कर कमलों द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण सैक्टर 7 कम्युनिटी सेंटर में किया गया। मेयर रेनुबाला ने शहीदे आजम भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पाकिस्तान के पंजाब में स्थित लयालपुर के बांगा गांव के एक सिख परिवार में हुआ



था। भगत सिंह को जब फांसी दी गई थी तो उनकी उम्र महज 23 वर्ष थी। उनकी शहादत के बाद देशवासियों ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढकर हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि भारत की स्वाधीनता और सुनहरे कल के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन बलिदान कर देने वाले अमर शहीद भगत सिंह की देशभक्ति, साहस व राष्ट्र समर्पण की मिसाल उनका जीवन युगों-युगों तक देशवासियों को राष्ट्र हित सर्वोपरि की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश खन्ना एवं मंच के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि मेयर रेनुबाला का स्वागत करते हुए उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के गीतों एवं इंकलाब जिंदाबाद के नारों ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

## वृद्ध महिला के कानों की बालियां छीनने वाला काबू, छीनी गई सोने की बालियां बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की डिटैक्टिव स्टाफ शाखा द्वारा बुजुर्ग महिला के कानों की बालियां छीनने वाले आरोपी शिवा पुत्र सुखबीर सिंह वासी खानपुर जिला करनाल को पश्चिमी यमुना नहर पूल इन्द्री से गिरफतार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से छीनी गई सोने की बालियां बरामद कर ली गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए एएसआई देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच करते हुए पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे आज अदालत के सामने पेशकर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया।



रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से बुजुर्ग महिला से छीनी गई सोने के बालियां उसके गांव के शमशानघाट से बरामद की गई।
उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को आरोपी ने गांव अंधगढ़ की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला को उसके गांव के जंगल के रास्ते में अकेली पाकर जबरन उसके कानों की सोने बालियां छीनकर वहां से फरार हो गया, जिसने परिजनों के साथ थाना इन्द्री में इस संबंध में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी नशे का आदि है और उसके द्वारा इससे पहले गांव में ही कई छोटी-मोटी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया था, लेकिन गांव के किसी व्यक्ति ने उसके खिलाफ शिकायत नहीं दी थी। आरोपी की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उसे पुन: अदालत के सामने पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत: सीआईए** वन की टीम ने गुप्त सूचना पर दबिस देकर जूआ खेल रहे तीन युवकों को काबू किया है। मौके पर आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 16400 रूपए की नगदी बरामद हुई। आरोपियों की पहचान राकेश पुत्र दिनेश निवासी घूप सिंह नगर, मोहम्मद पुत्र वसीम निवासी विद्यानंद कॉलोनी व शिवम पुत्र राकेश निवासी वार्ड 11 पानीपत के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा जूआ सट्टा खाईवाली सहित अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है।

## मिस्त्र के काहिरा में छाया करनाल का गोल्डन ब्वॉय

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल के** गोल्डन ब्वॉय शूटर अनीश भनवाला ने मिस्त्र के काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। 20 साल के होने के बाद अनीश का यह सीनियर व्यक्तिगत का पहला टूनामेंट था और पहले टूनामेंट में ही अनीश ने देश के लिए पदक हासिल किया। अनीश के कांस्य समेत भारत को सात पदक इस प्रतियोगिता में मिले हैं। भनवाला ने यह पदक अपने निजी कोच हरप्रीत सिंह को समर्पित किया।
बता दें कि गोल्डन बॉय अनीश भनवाला ने आठ साल की उम्र में शूटिंग सीखना शुरू की थी और फिर कभी पीछे मुडकर नहीं देखा। 15 वर्ष की उम्र में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद वह सुर्खियों में आए। उन्होंने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप-2017 सुहल में दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीता, 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल इवेंट में अनीश ने 579/600 स्कोर करके विश्व रिकॉर्ड बनाकर काबिलियत का डंका बजाया। साथ ही राष्ट्रमंडल खेल-2018 में 15 साल की उम्र में अनीश ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत सबसे कम उम्र के भारतीय मेडल



विजेता बन गए। अनीश आईएफएसएससी विश्व चैंपियनशिप-2018 सिडनी में आयोजित 25 मीटर जूनियर रैपिड फायर पिस्टल में भी स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं।
अनीश का जन्म 26 सितंबर 2002 को सोनीपत के गांव भनवाला में हुआ था। उसके पिता जगपाल सिंह पेशे से वकील थे। बाद में उनके पिता अपने परिवार को लेकर करनाल के कर्ण विहार में रहने लगे। पिता ने अपने बेटे को शूटिंग में कामयाब बनाने के लिए वकालत तक छोड़ दी। उसके बाद जगमाल अपने बेटे अनीश व बेटी मुस्कान को शूटिंग में कामयाब करने में लग गए। मुस्कान ने भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीते हैं।
वर्ष-2018 के कॉमनवेल्थ खेल में शूटिंग में गोल्ड जीतने वाले सबसे छोटी उम्र के खिलाड़ी अनीश भनवाला दो बार राष्ट्रपति से अवॉर्ड हासिल कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

## रक्तदान एक बहुत ही महत्वपूर्ण और नि:स्वार्थ जन सेवा: कुलबीर मलिक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिक** अस्पताल के ब्लड बैंक में 436वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत डॉ.अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर सिंह मलिक शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, जबकि रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की



अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ हुआ और सेवानिवृत्त पीए चरंजी लाल वर्मा, मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के महासचिव कुलदीप वर्मा, उप निरीक्षक राजेंद्र शर्मा एवं रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर के संचालन में सहयोग किया।
मुख्यातिथि के रूप में पधारे कुलबीर मलिक ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान एक बहुत ही महत्वपूर्ण और निश्वार्थ जन सेवा है। 155 बार रक्तदान के साथ 72 बार प्लेटलेट्स दे चुके शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा रक्तदाताओं के लिए प्रेरणा श्रोत हैं, जो अति सराहनीय कार्य है।

## पंतजलि शुद्ध डेयरी उत्पाद केंद्र का हुआ उद्घाटन

**पानीपत:** गायत्री हेल्थ केयर केंद्र में पंतजलि शुद्ध डेयरी उत्पाद केंद्र का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पंतजलि डेरी प्रोडक्ट टीम के उपाध्यक्ष एसबी चौधरी रहे जबकि उप महाप्रबंधक सतीश थपलियाल क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज शर्मा एएसएस संजीव देशवाल और कमल शर्मा प्रभारी सेल विभाग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की केंद्र संचालक गुलशन कुमार ने सभी का स्वागत किया।

## 'मनुष्य को मानवीय भावना से प्रेरित होकर मानवता की सेवा करनी चाहिए'

### हे जीव तू किसी पूर्ण गुरु की शरण में जा और नाम दान रूपी अमृत को धारण कर गुरु मंत्र का जाप कर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**रविदासपुरा में** महात्मा सुरेश दास द्वारा गुरु रविदास जी की अमृतवाणी का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी कहते हैं कि जो जीव सदैव अपने गुरु की मूर्ति अपने मन मंदिर में स्थापित कर गुरु के बताए ज्ञान को धारण करते हुए हर समय गुरु के द्वारा दिए गए नाम शब्द का अभ्यास करता, सुमिरन रूप जल में स्नान करता है, वह जीव सदैव हर जगह सम्मान पाता है और उस जीव को गुरु के द्वारे पर भी मान प्राप्त होता है। इसलिए हे जीव तू



सदा गुरु के द्वारा दिए गए शब्द का अभ्यास कर अपनी सुरती को नाम के साथ जोड़ दें यही तेरी मुक्ति का मार्ग है। इसी योग से तू प्रभु के दर्शन कर सकता है। सुरेश दास ने वाणी पाठ में बताया कि हे जीव तू किसी पूर्ण गुरु की शरण में जा और नाम दान रूपी अमृत को धारण कर गुरु मंत्र का जाप कर। उन्होंने कहा कि मन की पवित्रता और सज्जन मान भाव के द्वारा मनुष्य का मूल्यांकन होता है। इससे मानव गुण न केवल अपना अपितु समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करता है, जिससे मनुष्य जीवन लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होते हैं।
उन्होंने कहा कि गुरुवाणी में सेवा, दान, परहित कामना, सत्य आचरण, संतोष, अपरिग्रह आदि को आंतरिक शुचिता के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इसलिए मनुष्य को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या वैर से रहित होकर मानवीय भावना से प्रेरित होकर मानवता की सेवा करनी चाहिए।
इस मौके पर विनोद कुमार, सोनू, मुकेश, रोहित, रमेश, कृष्ण लाल, रामपाल, कमलेश, तारा देवी और कृष्णा देवी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नरेला में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

## महाराजा अग्रसेन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शिविर हुआ आयोजित, 50 लोगों ने किया रक्तदान







**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नरेला के** महाराजा अग्रसेन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी दिक्कतों से संबंधित स्वास्थ्य जांच करवा कर इसका फायदा लिया। वही, रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर नगेंद्र यादव ने किया।

बाहरी दिल्ली के नरेला में "वर्ल्ड लाइफ केयर ऑर्गनाइजेशन" द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

**सैकड़ों लोगों ने कराई निःशुल्क स्वास्थ्य जांचः** निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ.प्रशांत पाटिल, डॉ. ललिता, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अंकुर शर्मा डॉ.वाई. के. जोहरी द्वारा सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उनके लिए जरूरी परामर्श दिया। शिविर में निःशुल्क फर्टिलिटी परामर्श, निःशुल्क बीपी, ब्लड शुगर, ब्लड की एचबी, यूरिक एसिड, हड्डियों के कैल्शियम की जांच व अन्य जांच कर जरूरी परामर्श और निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित स्वास्थ्य जांच करवा कर इसका फायदा लिया। मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर नगेंद्र यादव ने शिविर में आए मरीजों को बीमारी एवं आपातकालीन स्थिति से बचाव के टिप्स भी दिए और कहा कि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं। लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर 6 महीने में अपने शरीर की सभी जांच जरूर करानी चाहिए।

**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़ कर किया रक्तदानः**



शिविर के दौरान दो बजे तक चले विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में बहुमूल्य योगदान दिया। सुबह 10 बजे डॉक्टरों की देखरेख में रक्तदान का कार्य शुरू किया गया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में सभी के लिए जूस और अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

**अस्पताल में बेटी पैदा होने पर अस्पताल उठाता है सारा खर्च :** शिविर के दौरान अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नगेंद्र यादव ने बताया कि "डॉ. संजीव कल्याण योजना" के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की पहल को सार्थक करते हुए अस्पताल में बेटी पैदा होने पर उस बेटी के मां-बाप से एक रुपया भी ही नहीं लिया जाता। डिलीवरी के दौरान व बाद में होने वाले सारे खर्च को अस्पताल प्रबंधन खुद वहन करता है। स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर में सुमित, मोहित, अरविंद, सुनील, आकाश, मुकेश, विजेंदर का विशेष योगदान रहा।

# पेड़-पौधों का हमारे जीवन में है विशेष महत्वः गोविन्द शर्मा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता गोविन्द शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है वहीं इससे क्षेत्र में हरियाली भी बनी रहती है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए



जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है, हम अधिक से अधिक पौधे लगाये।

# 'लाल किले पर मनाया जाएगा दिल्ली फतेह दिवस'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि कोरोना महामारी के समाप्त होने के पश्चात 3 साल बाद लाल किले पर दिल्ली फतेह दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

यहां जारी बयान में सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि दिल्ली फतेह दिवस मनाने को लेकर सिंह साहिब बाबा बलबीर सिंह जी 96 करोड़ी के साथ विस्तृत बैठक हुई। जिसमें चार दिवसीय कार्यक्रम का खाका तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम दिल्ली फतेह करने वाले बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया, बाबा



जस्सा सिंह आहलूवालिया और बाबा बघेल सिंह द्वारा दिल्ली विजय की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जयंती है और अकाली फूला सिंह जी, पूर्व जत्थेदार अकाल तख्त साहिब जी की 200वीं शहीदी जयंती भी है, इसलिए यह कार्यक्रम उन्हें समर्पित किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में निहंग सिंहों के अलावा विभिन्न संप्रदायों के प्रमुख व प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पहले दिन 6 अप्रैल को अमृतसर में श्री अकाल तख्त साहिब व रामगढ़िया बुंगे से नगर कीर्तन सजाया जाएगा जो पंजाब के विभिन्न हिस्सों से होता हुआ 7 तारीख को दिल्ली पहुंचेगा।

# महंगाई कम करने की ओर ध्यान दें सरकारः जे.एस.नेयोल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जे.एस.नेयोल ने कहा कि देश में अधिक महंगाई होने से देश की जनता को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दामों में काफी ज्यादा इजाफा देखने को मिल रहा है, जिसके चलते आम जनता का घरेलू बजट बिगड़ रहा है और जनता परेशान हो रही है।

जेएस नेयोल ने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न



होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।



जहांगीरपुरी वार्ड में सीवरों की सफाई करते हुए कर्मचारी साथ में है आप नेता राहुल सिंह व अन्य।

# सत्य पर चलने वाले को मिलती है सफलताः प्रद्युमन सिंह

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शालीमार** बाग के समाजसेवी एडवोकेट प्रद्युमन सिंह ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें। उन्होंने बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की



डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# कंझावला गांव में आयोजित हुई महापंचायत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कंझावला** गाँव में चौधरी जगदीश डबास की अध्यक्षता में महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में टाटा पावर डीडीएल के हैड ऑफ ग्रुप, स्पेशल कंज्यूमर ग्रुप और विलेज कंज्यूमर ग्रुप विनय कुमार अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स, नरेश डबास, डॉ. रामनिवास सहरावत, हरिराम माथुर, प्रवीण कुमार नंबरदार, बिजेंद्र कोटला, सुरेश छिल्लर, बलराज डबास, पार्षद जयेंद्र डबास ने महापंचायत को संबोधित किया। महापंचायत में



बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विनय कुमार ने अपने संबोधन में टाटा पावर की विभिन्न सोलर एनर्जी परियोजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया और कहा कि दिल्ली के जो किसान अपने खेतों में सोलर पैनल लगवाना चाहेगें, उन्हें लगवाने में टाटा पावर सहयोग करेगा। अपने संबोधन में दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने कहा कि सौर उर्जा एक प्राकृतिक संसाधन है, जिसका भरपूर उपयोग किसानों को करना चाहिए।

पंचायत में दिल्ली में म्यूटेशन फिर से शुरू करने की मांग सरकार से की गई।

# कवि भुवनेश सिंघल ने बैंककॉक में मचाई हिंदी कविता से धूम

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**थाईलैंड** की राजधानी बैंककॉक के होटल रॉयल सूट्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के कवि व मोटिवेशनल स्पीकर भुवनेश सिंघल ने अपनी कविताओं से लोगों का दिल जीत लिया। यह आयोजन प्रोपर्टी में डील करने वाली गुजरात की कंपनी मिर्रिख इन्फ्राटेक ने किया। मिर्रीख इंफ्राटेक ने थाईलैंड में अपने बिजनेस पार्टनर का एक टूर आयोजित किया। जहां उन्होनें अपने सभी पार्टनर्स के लिए यह आयोजन किया। जिसमें भुवनेश सिंघल की प्रस्तुति के अलावा मिर्रिख इंफ्राटेक के सभी पार्टनर्स को सम्मानित करने का कार्य भी किया गया।



विदेश की भूमि पर आयोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में दिल्ली के कवि व मोटिवेशनल स्पीकर भुवनेश सिंघल को कविता पाठ के लिए व मोटिवेशन स्पीकिंग के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जहां लोगों ने उनकी कविताओं का आनंद उठाया तो वहीं मिर्रिख इंफ्राटेक के अंकुर जैन व राकेश जांगीर ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया।

# शालीमार गांव में चोरों के हौसलें बुलंद, निवासी और व्यापारी परेशान

## शालीमार गांव में पुलिस प्रशासन बढ़ाये पैट्रोलिंग, क्षेत्र में स्नैचिंग की हो रही है वारदातें: मामचंद तंवर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के शालीमार गांव में इन दिनों लोग चोरी व स्नैचिंग की वारदातों में इजाफा होने से काफी ज्यादा परेशान हैं। इस मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शालामार ग्राम विकास सभा के महासचिव मामचंद तंवर ने कहा कि जिस प्रकार से पिछले कुछ दिनों से शालीमार गांव में चोरी व स्नैनिंग की वारदातों में बढ़ोतरी हुई है, इसको पुलिस प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि शालीमार गांव में पुलिस को पैट्रोलिंग बढ़ानी चाहिए।

**चैन स्नैचिंग की वारदातों में हो रहा है इजाफाः** मामंचद तंवर ने बताया कि



शालीमार गांव में चोरों के हौसले काफी बुलंद होते जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन

**8 मामचंद ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि शालीमार गांव के पार्कों में बैठने वाले नशेड़ियों व शराबियों पर प्रशासन को तुरन्त करवाई करनी चाहिए**

**8 शालीमार गांव में चोरों के हौसलें काफी बुलंद होते जा रहे है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन को क्षेत्र में पैट्रोलिंग बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो सके: मामचंद तंवर**

को क्षेत्र में पैट्रोलिंग बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मैंने इस समस्या को लेकर स्थानीय पुलिस को शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस पड़ी हुई है, जिस कारण जनता परेशान है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शालीमार गांव के पार्कों में नशेड़ी गंजा व शराब पीते हुए दिन में भी नजर आ जाते है, लेकिन पुलिस इस पर ध्यान नहीं देती है।

**महिलाओं पर फब्तियां कसते है नशेड़ीः** मामचंद तंवर ने बताया कि पार्कों व गलियों में घूम रहे नशेड़ियों के हौसले इतने ज्यादा बुलंद है कि वह महिलाओं पर फब्तियां कसने से बाज नहीं आते, जिसके चलते महिलाएं परेशान हैं।

स्थानीय महिलाओं ने भी पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पुलिस नशेड़ियों पर करवाई करें, जिससे की महिलाएं भी चैन की सांस ले सके।

**शालीमार गांव के पार्कों में बैठने वाले नशेड़ियों पर प्रशासन कब करेगा कार्रवाईः** मामचंद तंवर ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि शालीमार गांव के पार्कों में बैठने वाले नशेड़ियों व शराबियों पर प्रशासन को तुरन्त करवाई करनी चाहिए, जिससे की जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े। शालामार ग्राम विकास सभा के महासचिव मामचंद तंवर ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि शालीमार गांव की इन समस्याओं का प्रशासन को जल्द से जल्द हल करना चाहिए।

# इंटर स्कूल प्रतियोगिता 'जेनिथ' का हुआ आयोजन



**बहादुरगढ़/सिद्धार्थ राव**
**ओमैक्स स्थित** मेपल बेयर कैनेडियन स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम जेनिथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित यद्धवर्धन ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल की निदेशिका डॉ. सुनीता शर्मा ने मुख्य अथिति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित के साथ कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मेपल बेयर के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। अमित यशवर्धन जी ने कहा कि आज के समय पर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बच्चों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहने की सीख भी दी। उन्होंने कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी से बच्चों को लाभान्वित किया। कबड्डी टीम के खिलाड़ी सुरेंद्र नाडा ने बच्चों को खेलों को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इसलिए बच्चों को चाहिए कि वह अपने जीवन में एक खेल को अवश्य अपनाए और उस खेल में वह कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढने का प्रयास करें। इसके बाद स्कूल की निदेशिका डॉ. सुनीता शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि बनी रहे। बच्चों द्वारा किए गए मार्च पास्ट के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बच्चों के लिए फ्रॉग व बैल रेस आयोजित कराई गई, जिसमें अनेक बच्चों ने भाग लेकर अपनी बेहतर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बहादुरगढ़ शहर के विभिन्न सात स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगितों में भाग लिया। इसके बाद टैलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इसमें अलग-अलग स्कूलों की कई टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भी बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बाधा दौड़ व रस्साकस्सी प्रतियोगिता में कई बच्चों ने अपना दमखम दिखाते हुए प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर सभी की तालियां बटोरी। पहेली हल करो प्रतियोगिताओं में जूनियर टीम मेपल बियर स्कूल की एवं सीनियर टीम मदर्स प्राइड स्कूल की टीम विजेता रही ।वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कलां को कागज पर उकेरा, जिन्हें काफी पंसद किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में कोस्तुभ ने प्रथम व दिव्या ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किए। कार्यक्रम के अंत में पासिंग बॉल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न स्कूलों से आये विद्यार्थियों एवं स्टाफ का धन्यवाद किया गया । कार्यक्रम के समापन पर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**8 कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न स्कूलों से आये विद्यार्थियों एवं स्टाफ का धन्यवाद किया गया**

# परिवार पहचान पत्र बना लोगों के जी का जंजाल: देवेन्द्र गौतम



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**परिवार पहचान** पत्र में खामियों के चलते कटे BPL, OPH राशन कार्ड ओर पेंशन धारको के लिए PPP जी का जंजाल बना हुआ है। जिसके चलते आज नगर निगम में शामिल गाँव रायपुर के दर्जनों महिलाओ ओर पुरुषो ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुवे नारेबाजी की। ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुवे कहा की गाँव में बड़े-बड़े जमींदारों के इढछ कार्ड बनकर आए हुवे है ओर सरकार ने हम गरीब लोगो का मजाक बना के रखा हुआ है। हमारे सिर पर ना अच्छे से छत है ओर ना ही खाने को अनाज।
ग्रामीणों ने कहा की हम अपने बच्चों के साथ भूखे मरने को मजबूर है ओर हमारी तरफ ना सरकार, ना जिला प्रशासन ओर ना ही हमारे जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान है। इस मौके पर गाँव से ही आम आदमी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौतम गाँववासियो के साथ उनकी मांगो में साथ देने के लिए पहुँचे ओर ग्रामीणों के मांगो को जायज बताया। देवेन्द्र गौतम ने कहा की सरकार ने जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के परिवार पहचान पत्र को लोगो के राशन कार्ड, पेंशन इत्यादि से जोड़ा जिसके चलते लाखों लोगो को परेशानी से झूझना पड़ रहा है। ढढढ लोगो के जीवन में परमानेंट परेशानी पत्र मात्र बनकर रह गया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की सरकार अमीरों को अमीर ओर गरीबों को गरीब बनाकर भूख से खत्म करने पर उतारू है।
फैमिली आईडी ठीक करवाने के नाम पर उरउ वाले अलग से पैसो की डिमांड करते है। सरकार ने ढढढ के नाम पर एक नए भ्रष्टाचार को जन्म दिया है जिसके चलते लोगो की मजबूरी का फायदा उठाकर उनको ठगा जा रहा है। देवेन्द्र गौतम ने सरकार ओर विपक्ष पर जुबानी हमला बोलते हुवे कहा की हरियाणा सरकार गूंगी, बहरी ओर लंगड़ी तो थी ही अब नंगी भी हो रखी है ओर विपक्ष में बैठी कांग्रेस उनके लंगोट का काम कर रही है। देवेन्द्र गौतम ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुवे कहा की वो आखिरी सांस तक ग्रामीणों की इस लड़ाई में उनके साथ खडे है ओर हरियाणा सरकार के साथ ढढढ के मुद्दे पर मजबूत टक्कर लेने के लिए एक आंदोलन की भी रणनीति तैयार करेंगे। इस दौरान होशियारी देवी, तमन्ना रामकली, नितेश, नितिन, मिसरो, शीला, कृष्णा, संतरा, सुमित्रा, फूलपति, गीता, रोशनी, बबीता, सरोज, निशा, कमलेश, ओमी, बलवान, ओमप्रकाश, सुरेश, धनीराम, श्रीपाल, अनूप, रोहित, अमित, राजू, रमेश कुमार, जगदे, रवि आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### ऋण अदा न करने पर कैपिरो ग्लोबल लिमिटेड बैंक ने मकान पर ताला लगाकर सील करके कब्जा लिया



**गन्नौर: शुक्रवार को** बेगा रोड स्थित कालोनी में एक मकान पर कैपिरो ग्लोबल लिमिटेड बैंक ने कब्जा ले लिया। बैंक अधिकारियों का कहना कि वे मकान मालिक को पिछले काफी समय से लगातार बैंक नोटिस भेज रहा था। इसके बावजूद इसके लोन राशि चुकता नहीं की। इसी कारण बैंक ने कार्रवाई करते हुए मकान को सील कर दिया। गन्नौर तहसीलदार रविंद्र हुड्डा को कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उनके साथ बड़ी थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे। बैंक की टीम ने इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में पूरे मामले की वीडियोग्राफी करते हुए मकान पर सील लगाई। इसके बाद घर के बाहर कब्जे का नोटिस भी चस्पा कर दिया। बैंक अधिकारी ने बताया मूलत: पिपली खेड़ा हाल बेगा रोड स्थित कालोनी में रहने वाले कृष्ण ने पानीपत कैपिरो ग्लोबल लिमिटेड बैंक से करीब 40 लाख का लोन लिया था। उसके बाद उसने कुछ किश्त जमा करवा दी। करीब 35 लाख रुपए बैंक का बकाया है। वह जमा नहीं करवाया। जिसके चलते बैंक की तरफ से दिए नोटिस का जवाब न देने पर बैंक को कब्जा करना पड़ा। उनके साथ पटवारी दिनेश गोस्वामी व पुलिस बल मौजूद रहा।

### बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाकर सोने, चांदी के आभूषणों व हजारों रुपए किए चोरी

**गन्नौर।** लड़सौली गांव में शादी समारोह में परिवार के साथ मकान पर ताला लगाकर गए मकान को चोरो ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। मकान के मालिक ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मौके का मुआयना किया। पीड़ित युवक सुरेश ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में अहीर माजरा गांव में शादी समारोह में अपने परिवार के साथ गए थे। शुक्रवार की शाम को जब घर लौटे तो घर का बाहर का ताला लगा हुआ था। अन्दर गए तो कमरों का ताला टूटा हुआ था। अन्दर गए तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। उसके बाद सम-I में आया कि चोर पीछे से घर में घुस आए और चोरी की नियत से सारा सामान बिखेर कर गए है।

### टाटा एआईए की फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम के साथ पहले महीने से ही पाइए गारंटीड आय!

**गुरुग्राम।** भारत की एक अग्रणी बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम योजना शुरू की है। यह एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, गारंटीड बचत योजना है। इस योजना में निवेश के पहले महीने से ही नियमित गारंटीड आय के साथ जीवन बीमा कवर भी दिया जाता है। योजना में कई लाभ शामिल हैं:
निवेश के पहले ही महीने से गारंटीड आय
अर्जित आय पर ब्याज पाने के लिए एक अनूठी सब-वॉलेट सुविधा के जरिए लॉयल्टी एडिशन्स
निवेशक के जीवन के खास दिनों पर (जैसे सालगिरह, जन्मदिन) पेआउट की तारीख चुन जा सकती है।
महिला निवेशकों के लिए पॉलिसी में विशेष 2% की छूट का प्रावधान
योजना के शुभारंभ के अवसर पर, टाटा एआईए के अध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी, उत्पाद प्रमुख, समित उपाध्याय ने कहा, आज हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां हमें अपने सपनों को पूरा करने के सफर के दौरान कई अनिश्चितताओं से जूझना पड़ता है। ऐसे में आर्थिक रूप से सुरक्षित होना एक लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत बन गयी है। हमें एक ऐसे समाधान की आवश्यकता है जो बचत के साथ-साथ सुरक्षा भी दें, जिसमें व्यक्ति की जरूरतों के अनुरूप योजना बनाने की सुविधा, वित्तीय सुरक्षा, गारंटीड आय मिलें।
टाटा एआईए में, 'फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम' लॉन्च करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। हमारी यह नयी योजना हमारे गारंटीड कर मुक्त नियमित आय पोर्टफोलियो का एक हिस्सा है। इसमें निवेशकों को निवेश करना शुरू करने के पहले महीने से ही एक नियमित आय का स्त्रोत प्रदान किया जाता है। पेआउट के लिए निवेशक अपनी पसंद की तारीख चुन सकते हैं, जैसे कि जन्मदिन, जिससे उनकी जिन्दगी के खास दिन वास्तव में खास बन सकते हैं। इतनाही नहीं, इस योजना को और ज्यादा आकर्षक बनाते हुए इसमें महिला उपभोक्ताओं के लिए 2% की विशेष छूट भी दी गयी है।"

# विधायक पंवार को पंजाबी महासभा ने श्री अरूट महाराज के नाम से चौक बनवाने व मूर्ति लगवाने के लिए सौंपा मांग पत्र



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार को राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों ने अरोड़ वंश के प्रर्वतक श्री अरूट महाराज के नाम से शहर में चौक बनवाने व उस पर महाराज जी की मूर्ति लगवाने के लिए मांग पत्र सौंपा है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही अरूट महाराज के नाम से चौक बनवाया जाएगा व मूर्ति लगवा दी जाएगी।
विधायक सुरेंद्र पंवार को सौंपे मांग पत्र में महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर में न तो कोई पंजाबी भवन है, न ही पंजाबी समाज के प्रर्वतक अरूट महाराज की कोई मूर्ति है। उन्होंने बताया कि अरूट महाराज अरोड़ वंशी भगवान श्रीराम के वंशज है। भगवान श्री राम के पुत्र लव की वंशावली में महाराज अरूट का प्रादुर्भाव था। अरूट महाराज का किला सिंधु नदी के तट पर अरोड़ कोट के नाम से है एवं समाज की उनमें गहरी आस्था है। उन्होंने दीवान फार्म के सामने या किसी अन्य चौक को महाराज जी के नाम से चिन्हित करने की मांग की है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि अरूट जी महाराज हम सबके महाराज है, उनके प्रति गहरी आस्था है। पंजाबी महासभा द्वारा जो मांग पत्र सौंपा गया है, जल्द ही उसकी धरातल स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल हसीजा, जिलाध्यक्ष गुरूदत्त खुशदिल, महासचिव सौरभ सचदेवा, उपप्रधान डॉ नरेंद्र गोस्वामी, महासचिव सौरभ सचदेवा, नरेश अरोड़ा, प्रेम रेलन, रवि कपूर, पंकज चावला, महिला प्रधान राखी गोस्वामी, तिलक राज सेतिया, प्रवीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने फसल को लेकर जारी की एडवाइजरी



**नारनौल/संजय शर्मा**
उपायुक्त डॉ जय कृष्ण आभीर ने फसल कटाई के दौरान किसानों के लिए अपनी फसलों को आग से बचाव करने की एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने आग से बचाव के लिए हर तरह की ऐतिहात बरतने को कहा है। डीसी ने कहा कि अब फसलों की कटाई का सीजन शुरू हो चुका है। अगले सप्ताह से ही सरसों की कटाई शुरू हो जाएगी और उसके बाद अगले महीने गेंहू व अन्य फसल की कटाई शुरू हो जाएगी। फसलों की कटाई के बाद अक्सर आगजनी के हादसे होने का अंदेशा रहता है। ऐसी सूरत में किसानों को अपनी फसलों के बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल की कटाई करने के बाद उसका ढेर ऐसी जगह पर लगाए जहां पर बिजली के तार ना हो। एक ही जगह पर सारी फसल की ढेरी ना लगाएं ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी हो जाए तो पूरी फसल नष्ट ना हो। इसके अलावा किसान यह सुनिश्चित करें कि वे धूम्रपान ना करें। ज्यादातर मामलों में खेतों में अनजाने में जलती हुई बीड़ी या माचिस की तीली फेंकने से आग लगती है।

# एनीमिया मुक्ति के लिए हरी सब्जियों का सेवन करना शरीर के लिए बहुत ही जरूरी: उपायुक्त

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत एनीमिया दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एनीमिया के प्रति पूर्ण जानकारी देने के साथ-साथ बच्चों में हीमोग्लोबिन की जांच भी की जा रही है। ताकि समय पर ही बच्चों के शरीर को एनीमिया से लड? की शक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि एनीमिया से मुक्ति के लिए प्रतिदिन हरी पत्तेदार सब्जियों को आहार में शामिल करें तथा सही पाचन के लिए निंबू, मौसमी, आंवला व संतरा का भी सेवन करें। उपायुक्त ने बताया कि एनीमिया को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक, सरसों, मेथी, बथुआ, गाजर, चुकंदर आदि का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। इनके साथ भोजन में विटामिन-सी एवं ए युक्त खाद्य पदार्थ जैसे नींबु, मौसमी, आवंला और संतरा आदि भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि हरी पत्तेदार सब्जी को लोहे की कढ़ाई में बनाये तथा रसोई में लोहे से बने बर्तनों का प्रयोग करें। खाना खाने के बाद गुड़ या गुड़ से बनी चीजें जैसे टिकड़ी या तिल से बनी गुड़ की पट्टी अवश्य खानी चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों में आयरन की कमी होने पर आयरन की गोली भी खिलाई जा सकती है। आयरन युक्त आहार व गोलियां खाने से कम से कम 2 घंटे पहले या बाद में दूध का सेवन करें। सिविल सर्जन डॉ० जयकिशोर ने बताया कि एनीमिया एक तरह की बीमारी है, जो रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं और हीमोग्लोबिन की कमी से होता है।

# हकेवि ने पूरे किए स्थापना के चौदह वर्ष

**महेंद्रगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने अपनी स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरू हुई इस यात्रा के चौदह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस व दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एचटी मीडिया में चीफ प्रोडेक्ट एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर युधवीर मोर उपस्थित रहे और उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# आस्था के साथ सामाजिक एकता का केंद्र होती हैं धार्मिक संस्थाएं : कविता



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व मंत्री** कविता जैन ने कहा कि धार्मिक संस्थाएं गांव व शहरों में आस्था और सामाजिक एकता का केंद्र होती हैं। हमें भावी पीढ़ी को भी बेहतर संस्कारों के लिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ धर्मिक कार्यों से जोड ?ा होगा। श्रीमती जैन ने शनिवार को शहर में आयोजित कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा को रवाना करने के उपरांत पूर्व मंत्री ने मुरथल रोड़ स्थित सतगुरू सरोज माता जी आश्रम में आयोजित वार्षिकोत्सव गुरूमां सम्मेलन में पहुंचकर गुरू का प्रणाम किया और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में अपने देवी-देवताओं की पूजा करते हैं और इसी आस्था का कारण है कि जब हम अपने देवी-देवताओं से सच्चे मन से कोई भी चीज मांगते हैं तो वह हमें अवश्य मिलती है, क्योंकि जहां आस्था होती है वहीं दिव्य शक्तियों का वास होता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि समाज के लोग अपनी धार्मिक संस्थाओं और मंदिरों की वर्षों से देखरेख करते आ रहे हैं और यही संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां होने वाले धार्मिक कार्यों में सभी लोग मिलकर अपना सहयोग देते हैं। समय-समय पर इन मंदिरों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनका फायदा गरीब लोगों को मिलता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति आज अमीर है तो वो भगवान की ही कृपा है इसलिए उस व्यक्ति को गरीब लोगों की भलाई के लिए कार्य करने चाहिए ताकि उनका भी भला हो सके। कार्यक्रम में विकास शर्मा, रमन शर्मा, हुन्नी, कौशल्या, जानवी महाराज, कृष्ण, सतबीर, सुभाष, रमेश, राजबीर, अंजली, किरण, चंचल, कलाशो, कमला,रंजना, मनीष, प्रेमलता, संदीप, अंकित एवं अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# 19 मार्च से होगा संगीतमय श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ



**एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** श्री गौ गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वाधान में आचार्य बजरंग शास्त्री के सानिद्धय मे मीटिंग हुई जिसमें ये फैसला लिया गया कि धर्म कि रक्षा के लिए समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए । संस्था के प्रधान महेंद्र नूनिवाला ने बताया कि सभी धर्म प्रेम सज्जनो भक्तों नारनौल वासियों द्वारा कल्लुमल बगीची मौ. खड़खडी नारनौल में दिनांक 19 मार्च से 25 मार्च तक संगीतमय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे कथा व्यास आचार्य श्री बजरंग शास्त्री जी महाराज भक्तों को कथा अमृत का रसपान करवायेगे । जिसके लिये सभी तैयारीयां शुरू कर दी गई है। संस्था के सहकोषाधक्ष विनोद सोनी ने बताया कि कथा का समय दोपहर 1.15 बजे से साँय 5:30 बजे तक का रहेगा। 26 मार्च को यज्ञ में पूणार्हुति होगी एवम प्रसाद वितरण किया जायेगा कसभी कार्यो के लिये सभी सदस्यों को भिन्न-भिन्न जिम्मेदारीया भी सौपी गई। संस्था के सभी सदस्यों ने आग्रह किया कि सभी नगरवासी इस भक्ति ज्ञान रूपी श्री मद्भागवत कथा रूपी अमृत का पान करने के लिए सपरिवार सादर आमंत्रित है ।

# इफको ने आयोजित किया किसान जागरूकता कार्यक्रम

**किसान फल-फूल व सब्जी के खेती से और अधिक मुनाफा कमा सकता है**



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आजादी का** अमृत महोत्सव की श्रंखला में इफको द्वारा शनिवार को गांव हरसाना में किसान दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ० जेके नांदल ने बतौर मुख्यातिथि किसानों को बताया कि आज के समय परंपरागत खेती के अलावा भी किसान फल-फूल व सब्जी के खेती से और अधिक मुनाफा कमा सकता है। डॉ० जेके नांदल ने कहा कि वर्तमान समय में किसान अधिक मुनाफ तभी कमा सकता है जब वह गेहूं व धान के अलावा भी तकनीकी रूप से सब्जी व फल-फूल की खेती करें। ऐसा करने से हमारी मिट्ट्‌दी की उर्वरा शक्ति भी कम नहीं होगी क्योंकि इस प्रकार की खेती में खाद व दवाईयों का इस्तेमाल बहुत कम होता है। उन्होंने कहा कि आज के समय सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है क्योंकि आने वाले दिन प्राकृतिक खेती के होने वाले हैं इसलिए किसान प्राकृतिक खेती की और अपने कदम बढाएं। डॉ० नांदल ने कहा कि अगर हमें अपनी आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है और उनको स्वस्थ भोजन मुहैया करवा है तो हमें अपनी खेती प्रणाली को प्राकृतिक खेती की और लेकर जानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रकृतिक खेती में देशी गोबर का खाद व अन्य प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है जो शरीर के लिए सबसे शुद्ध होता है।
इस दौरान उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याण योजनाओं के बारे में भी किसानों को जागरूक किया ताकि इन योजनाओं का फायदा अधिक से अधिक किसान उठा सके।

# सीएम द्वारा पेश खुशहाल ऐतिहासिक बजट जनता के लिए मनोहर बजट: पंडित उमेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गत दिनों गठबंधन सरकार का चौथा बजट पेश किया मनोहर लाल ने इस बजट को अमृतकाल का पहला बजट बताया जिसमे सभी वर्गों को साधने और सर्व हितकारी के लिए प्रयास किया गया जिसमे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीब जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने का प्रयास किया हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर गोहाना से सम्बंध रखने वाले बीजेपी के वरिष्ठ नेता पंडित उमेश शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किया गया बजट उनके नाम की तरह ही मनोहर हैं जो हरियाणा की जनता का मन हरने वाला बजट हैं जिसमे सभी वर्गों का पूरा पूरा ध्यान रखा गया हैं इस बजट को हरियाणा बनने के बाद से अब तक का सबसे अच्छा बजट कहा जा सकता हैं जिसमे विपक्ष द्वारा भी कही उंगली नही उठाई जा सकती और विपक्षी दल भी मीडिया के सामने दबी जुबान में सीएम मनोहर लाल के द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना कर रहे हैं पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि सीएम मनोहर लाल द्वारा पेश अमृतकाल बजट जनता के लिए अमृत के समान हैं जिसे ग्रहण करके हरियाणा की जनता अपने आप को भाग्यशाली समझेगी।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 फरवरी 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी: युवाओं को रोजगार देने की तैयारी

## बुद्ध सर्किट समेत सभी प्रमुख पर्यटन केंद्र पर लोकल लेवल गाइड सुविधा देने की तैयारी, युवाओं को गाइड बनाने के लिए छह सप्ताह का प्रशिक्षण देगा पर्यटन प्रबंध संस्थान

### रैलियां होंगी जोरदार

**पर्यटकों को अधिकाधिक सहूलियत और स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं एक साथ आगे बढ़े**





**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**पर्यटन** विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों में योगी सरकार का ध्यान इस बात पर है कि पर्यटकों को अधिकाधिक सहूलियत और स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं एक साथ आगे बढ़ें। बुद्ध सर्किट समेत प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देने की तैयारी है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन मांगे गए हैं और एक निर्धारित प्रवेश प्रकिया के बाद चयनितों को पर्यटन प्रबंध संस्थान से छह सप्ताह का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। पर्यटन विभाग ने प्रदेश के टूरिस्ट सर्किटों में लोकल लेवल गाइड की सुविधा देने के लिए प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया है। विभाग ने आवेदन भी आमंत्रित कर दिये हैं। 18 वर्ष से अधिक उम्र के इंटर पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु की बाध्यता नहीं है। मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान की वेबसाइट [illegible] पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को भरने के बाद 28 फरवरी तक इसी वेबसाइट पर अपलोड भी करना है। प्रिंटेड कॉपी को संस्थान के लखनऊ कार्यालय में स्वयं या पंजीकृत डाक से जमा भी करना होगा। विंध्याचल सर्किट-वाराणसी, प्रयागराज बुद्धिस्ट सर्किट-कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, गोरखपुर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, संकिसा या बुंदेलखंड सर्किट-महोबा, चित्रकूट, कालिंजर, झांसी, देवगढ़, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, जालौन या बृज सर्किट-वृंदावन, आगरा, अलीगढ़, बरसाना, नंदगांव या महाभारत सर्किट- मेरठ, बागपत, मथुरा, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद या अवध सर्किट-लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या।

**स्थानीय स्तर पर रोजगार का विकल्प:** वन्यजीव एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था हेरिटेज फाउंडेशन की ट्रस्टी रंजीता पाण्डेय कहती हैं कि टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार का विकल्प भी मिलेगा। वह अपने टूरिस्ट सर्किट में पर्यटकों की मदद करते हुए आमदनी भी करेंगे। पर्यटकों को

## प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को जागरूक कर रही सरकार

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**इस** समय उत्तर प्रदेश सरकार का प्राकृतिक खेती पर बहुत जोर है। राज्य सरकार प्रदेश के 56 जिलों में इसे अभियान के रूप में प्रचारित कर रही है।

वर्तमान में 1970 क्लस्टर बनाए गए हैं। इसके माध्यम से 11,381 ग्रामों में 86,448 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की तैयारी चल रही है। प्रदेश में सिर्फ सब्जियां ही नहीं, धान, मक्का, बाजरा, उर्द और तिल के साथ ही गेहूं, राई, चना मटर व मसूर की खेती भी प्राकृतिक ढंग से हो रही है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. एबी सिंह का कहना है कि इसी तरह से जागरूक करने की प्रक्रिया जारी रही तो आने वाले दिनों में मिट्टी में पौष्टिकता आ जाएगी। इससे उत्पादन में अच्छी वृद्धि के साथ ही लोगों को बीमारियों से भी बहुत हद तक निजात मिलेगी। इस समय प्रदेश में 1,04,972 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है। इन किसानों को सरकार प्रशिक्षण भी दे रही है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को खेतों का सरकार भ्रमण कराती है, जिससे किसान उस तरफ जागरूक हो सकें। इसके लिए सरकार ने फील्ड स्कूल भी खोले हैं, जो गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करते हैं।

## अपराध के मामले में राजस्थान देश में नंबर वन पर- रामलाल शर्मा

**बांसवाड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा शनिवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर बांसवाड़ा पहुंचे। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव और अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने रामलाल शर्मा का स्वागत किया।
प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। रामलाल शर्मा ने कहा कि गहलोत सरकार अपनी 90 प्रतिशत बजट घोषणाएं पूरी करने का दावा कर रही है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।
वहीं अपराध के मामले में राजस्थान राज्य देश में नंबर वन पर आ गया है। रामलाल शर्मा ने आरोप लगाया कि ज्यादातर योजनाओं का पैसा भारत सरकार दे रही है। राज्य सरकार झूठी वाहवाही लूट रही है।

## 'राष्ट्र और समाज के विकास में योगदान छात्र'



**बीकानेर/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि दीक्षांत समारोह, विद्यार्थियों के लिए नए जीवन की शुरूआत है। जीवन में सदैव सीखने के लिए तत्पर रहते हुए विद्यार्थी, अपने ज्ञान से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के शनिवार को आयोजित हुए 19वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने यह उद्गार व्यक्त किए। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि भारत को खाद्यान्न आपूर्ति में अग्रणी राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधानों की महत्ती भूमिका रही है। जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न आवश्यकता के अनुरुप कृषि विश्वविद्यालयों में निरंतर अनुसंधान किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि किसानों तक नवीनतम कृषि अनुसंधानों और कृषि प्रौद्योगिकी का लाभ पहुंचे, इसके लिए विश्वविद्यालयों को और प्रयास करने होंगे।

पोषण सुरक्षा से जूझ रहे देशों की मदद के लिए तकनीक हस्तांतरण में भी कृषि विश्वविद्यालयों को अहम भूमिका निभानी होगी।
शिक्षकों से अध्ययनशील रहने की अपील करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से किसानों के निकट ले जाएं तथा पारंपरिक खेती, जलवायु संरक्षण के ज्ञान से विद्यार्थियों को जोड़ें। उन्होंने कहा कि किसान देश के विकास की धुरी हैं, सशक्त किसान से ही राष्ट्र सशक्त बन सकता है।
विश्वविद्यालय के एकेडमी इंडस्ट्री इंटरफेस, कृषि हाट, किसान सम्मान, किसान चौपाल जैसे नवाचारों की सराहना करते हुए राज्यपाल मिश्र ने कहा कि केशवानंद विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सराहनीय हैं।

### आह्वान

**भारत को खाद्यान्न आपूर्ति में अग्रणी राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधानों की महत्ती भूमिका रही है: राज्यपाल मिश्र**

## 'उत्तराखंड सरकार नेक नीयत से आगे बढ़ रही'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और उत्तराखंड प्रभारी का कहना है कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना है कि हमें सत्ता के साथ-साथ सबका दिल जीतना है।
उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास केवल स्लोगन नहीं है वरन महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उत्तराखंड सरकार अच्छा कार्य कर रही है।
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने शनिवार को मीडिया से कहा कि नकल विरोधी कानून के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार चलाते समय



कई चुनौतियां आएंगी, हम उनका समाधान करने में सक्षम होंगे। ऐसे ही कानूनों में नकल विरोधी कानून के साथ-साथ नकल घोटाला शामिल है, जिसके लिए सरकार ने ऐसा कड़ा कानून बनाया है जो अब तक नहीं था। यही नहीं पूरे प्रदेश में सभी लोगों को आयुष्मान से आच्छादित किया गया है जबकि अन्य प्रदेशों में केवल गरीबी रेखा से नीचे वालों को भी इसका लाभ मिला है। इतना ही नहीं धर्मान्तरण पर कठोर नियम बनाना समान नागरिक संहिता के लिए प्रभावकारी प्रयास इस बात के संकेत हैं कि हमारी सरकार उत्तराखंड को नेक नीयत से आगे बढ़ा रही है।
उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कई राज्यों में अच्छे काम हो रहे हैं, उन सभी अच्छे कामों को अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी ले जाया जा रहा है। यही सच है कि जो जिस राज्य में अच्छा काम हो रहा है, उसे अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य है। राजनीति में हर पंथ, हर वर्ग और हर समाज का मत मिलना चाहिए। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी निरंतर सक्रिय बनी हुई है।
कांग्रेस के अधिवेशन से उसे सकारात्मक ऊर्जा मिलनी चाहिए, लेकिन उन्हें ऐसी ऊर्जा मिली है कि कांग्रेस के बड़े बड़े नेता पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी लगातार टूट रही है।

### पीठ थपथपाई

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना है कि हमें सत्ता के साथ-साथ सबका दिल जीतना है**

## 'छत्तीसगढ़ में मची लूट के कारण एजेंसियों को कार्रवाई करनी पड़ी'

**रायपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर आईआईएम रायपुर के वाई-20 समिट कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करने शनिवार को राजधानी पहुंचे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदेश में ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आखिर इतना भ्रष्टाचार क्यों है? छत्तीसगढ़ में मची लूट के कारण एजेंसियों को कार्रवाई करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का संकल्प लिया है। एजेंसी अपना काम करती है।उसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ एजेंसियां पहले भी कार्रवाई करती थी। एजेंसियां अपना काम करती रही हैं,आगे भी करेगी। माफिया सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता कभी माफ नहीं करेगी, जहां छत्तीसगढ़ के संसाधनों को लूटकर यहां की सत्ताधारी लोग खा गए।

### साधा निशाना

**देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का संकल्प लिया है। एजेंसी अपना काम करती है: केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर**

## सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र

**भागलपुर/टीम एक्शन इंडिया**
बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला में सेंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार की कलाकृति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि विक्रमशिला मिल्क लिमिटेड भागलपुर के बुलावे पर पूर्वी चंपारण से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने सुधा काउंटर के ठीक सामने रखे एक ट्रक बालू पर 6 फिट ऊंची गाय की कलाकृति उकेरी है। इस कलाकृति के जरिए सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने लोगों को नारी शक्ति का शक्तिशाली संदेश भी दिया है। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपनी बेहतरीन कला से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में क्षेत्रीय महिलाओं की भूमिका को सजीव चित्रण किया है। यह आकर्षण का केंद्र बना है। लोग इस सुंदर तस्वीर के सामने अपने मोबाइल फोन में अपनी सेल्फी लेने से नहीं चूक रहे हैं। इस कलाकृति को देखकर हर कोई मोहित हो रहा हैं।




## कुएं में गिरने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**राजगढ़:** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम आम्बा में रहने वाले 13 वर्षीय बालक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थानाप्रभारी राकेश दामले के अनुसार बीती शाम ग्राम आम्बा निवासी माखन उर्फ कान्हा( 13 ) पुत्र हिम्मतसिंह सौंधिया की खेत स्थित कुएं में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बालक के शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की बड़ी कार्रवाई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**नियम** विरुद्ध काम करने वाले होटलों के विरुद्ध राष्ट्रीय हरितिमा प्राधिकरण (एनजीटी) कार्रवाई कर रही है। यह जानकारी शनिवार को उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक सुशांत पटनायक ने दी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक पटनायक ने बताया कि उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर स्तर से सकारात्मक पहल की जा रही है। इसी के तहत एनजीटी के दिशा निदेर्शों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों पर जुमार्ने की




कार्रवाई की जा रही है। राजाजी नेशनल पार्क से सटे हरिद्वार जिले के 19 प्रतिष्ठानों पर एनजीटी के निर्देश पर कार्रवाई की है। कुछ प्रतिष्ठानों ने जहां पर होटलों और कामर्शियल स्टेब्लिशमेंट का संचालन हो रहा है। उन्होंने नियमों का अनुपालन करना शुरू कर दिया है, लेकिन कई ऐसे प्रतिष्ठान हैं जो अभी भी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

**गाइडलाइंस** हज यात्रियों को अपने साथ सिम कार्ड ले जाना होगा। सऊदी अरब में भी वह सिम कार्ड आसानी से खरीद सकते हैं

## हज कमेटी ऑफ इंडिया यात्रियों को नहीं देगी सिम कार्ड

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**हज-2023** के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख दस मार्च तक है, लेकिन केंद्रीय हज कमेटी की ओर से बार-बार जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। आवेदकों का कहना है कि सभी दिशा-निर्देश जल्द से जल्द लागू हो। हाल ही जारी हुए निर्देश के मुताबिक इस बार हज कमेटी ऑफ इंडिया यात्रियों को सिम कार्ड नहीं देगा। हज यात्रियों को अपने साथ सिम कार्ड ले जाना होगा। सऊदी अरब में भी वह सिम कार्ड आसानी से खरीद सकते हैं। रियाल मुद्रा भी इस बार यात्रियों को नहीं दी



जाएगी। ऐसे में यात्रियों को सउदी अरब पहुंचने पर मुद्रा का आदान प्रदान करने से अधिक राशि देनी होगी। हज यात्रियों को चयन खुर्रे यानि लॉटरी से होगा। राजस्थान राज्य हज कमेटी के अधिकारियों के मुताबिक लॉटरी 17 मार्च से 20 मार्च तक खुलेगी। नाम आने के बाद हज यात्री को पहली किश्त 81 हजार 500 रुपये 24 मार्च से पहले जमा करनी होगी। 27 मार्च तक पहली किश्त की रसीद, पासपोर्ट, चिकित्सा प्रमाणपत्र और हज आवेदन फॉर्म के साथ 27 मार्च तक राज्य हज कमेटी को भेजने होंगे।

हज यात्रियों को दूसरी किश्त एक लाख 70 हजार रुपये मार्च के अंतिम दिन तक जमा करनी होगी। हज की अंतिम किश्त मक्का और मदीना में रिहाइश, ट्रांसपोर्ट, हवाई जहाज का किराया के साथ अंतिम किश्त जमा करनी होगी। यह किश्ते आनलाइन या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में जमा करनी होगी।